हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 22 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 30.8 डिग्री

न्यूनतम 12.4 डिग्री




12 पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए लगाई गई प्रदर्शनी





13 नेहरू आर्ट गैलरी में सुरक्षा पेंटिंग प्रदर्शनी उद्घाटित




## खबर संक्षेप

### जॉब का झांसा देकर महिला से 7.76 लाख की ठगी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** पॉर्ट टाइम जॉब का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर-1 भिलाई निवासी तरन्नूम राशिद को 8 जनवरी 2026 को उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर ऑनलाइन पार्ट-टाइम जॉब का विज्ञापन दिखाई दिया। जिसमें अधिक लाभ का लालच झांसा दिया गया था। उस लिंक को खोलने के बाद अज्ञात वॉट्सअप नंबर मिला। जिसमें पार्ट-टाइम ऑनलाइन जॉब करने की बात बताई गई। आरोपी ने पीड़िता को टेलीग्राम अकाउंट बनाकर बातचीत करने की सलाह दी। महिला ने यू-पीआई आईडी पर गूगल-पे के माध्यम से किस्तों में 9 और 10 जनवरी 2026 को 1.80 लाख 600 रुपए ट्रांसफर किया। इसके बाद आरोपी ने महिला को झांसा दिया कि उक्त राशि को शेयर मार्केट में निवेश कर दिया। उनकी राशि अब दोगुना हो जाएगा। पैसे निकालने के लिए और निवेश करने की बात आरोपियों द्वारा कहा जा रहा था। महिला ने 12 जनवरी को एसबीआई बैंक, संपूर्ण शाखा के एक खाते में 2.46 लाख और 13 जनवरी को एसबीआई बैंक, करलपूरा शाखा के एक अन्य खाते में 3.50 लाख रुपए जमा किया। कुल 7.76 लाख 600 रुपए आरोपियों के बताए खातों में ट्रांसफर किया गया। महिला द्वारा आरोपियों से रकम वापसी की बात कहने पर दोबारा 6 लाख रुपए का डिमांड किया था।

**धान उठाव :** उपार्जन केंद्रों से धान का परिवहन इस तरह चल रहा है सुस्त

# दुर्ग प्रदेश में 12 वें स्थान पर, छोटे जिले हैं आगे, खरीदी में भी पिछले साल से 10% कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

खरीदी गई धान परिवहन में ऐसी सुस्ती चल रही है कि दुर्ग जिला प्रदेशभर में 12 वें स्थान पर चला गया है। जबकि इससे छोटे जिले हमारे जिले से आगे चल रहे हैं। दुर्ग जिले ने अब तक 461805.28 मीट्रिक टन की धान खरीदी की है। खरीदी के हिसाब से भी पिछले साल से 10 प्रतिशत धान का उपार्जन कम ही हुआ है। धान उठाव के मामले में दुर्ग जिला अब तक उपार्जन केन्द्रों से 1,74,493.22 मीट्रिक टन यानी 37.37 प्रतिशत ही धान उठाव कर पाया है। वहीं कवर्धा, बलौदाबाजार, कोरिया, जांजगीर चांपा जैसे जिले दुर्ग जिले से काफी आगे हैं।

**इस तरह छोटे जिले हैं दुर्ग से आगे :** दुर्ग जिले में 87 सहकारी समिति के माध्यम से 102 उपार्जन केंद्रों में किसानों से धान खरीदी की जा रही है। दुर्ग जिले से छोटे जिले कवर्धा 38.61 प्रतिशत धान उठाव कर लिया है। बलौदाबाजार जिले में 50.57 प्रतिशत धान उठाव हो चुका है। धमतरी 40.35 प्रतिशत, कोरिया जिले में 48.75 प्रतिशत, जांजगीर चांपा 58.92 प्रतिशत, मुंगेली जिला 59.61 प्रतिशत धान उठाव कर लिया है।

## बिलासपुर जिला प्रदेश में सबसे आगे, रायपुर जिला भी है आठवें स्थान पर



**फैक्ट फाइल** प्रदेशस्तर पर धान खरीदी

- पंजीकृत किसान- 2743106,
- अब तक धान बेचने वाले किसान- 2242517
- उपार्जन केंद्र- 2740
- धान खरीदी का टारगेट- 16000001 मीट्रिक टन
- अब तक धान खरीदी- 12126630.78 मीट्रिक टन
- धान का औसत उठाव- 40.96 प्रतिशत

### बफर लिमिट से ज्यादा धान डंप है कांकेर जिले में

प्रदेशभर के जिलों में बफर लिमिट से ज्यादा धान डंप है। इसमें सबसे ज्यादा 137 उपार्जन केंद्र कांकेर जिले में हैं। बालोद जिले के 125 उपार्जन केंद्र बफर लिमिट से अधिक धान है। महासमुंद जिले के 96, कवर्धा जिले के 81, राजनांदगांव जिले के 89, धमतरी जिले के 84, गरियाबंद जिले के 82, दुर्ग जिले के 72 उपार्जन केंद्रों में-बेमेतरा में 69 उपार्जन केंद्र, बलौदाबाजार में भी 69 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान जमा हो गया है।

### सबसे ज्यादा धान उठाव बिलासपुर जिले में व कम बीजापुर

धान खरीदी छत्तीसगढ़ के 33 जिले में हो रही है। इसमें धान उठाव करने में बिलासपुर जिला सबसे आगे हैं। इस जिले में अब तक 72 प्रतिशत धान का उठाव उपार्जन केंद्रों से हो चुका है। इस जिले में अब तक 565901.08 मीट्रिक टन की धान खरीदी की गई है। उसके बाद कोरबा जिला 62.13 प्रतिशत धान का उठाव किया है। रायपुर जिला आठवें स्थान पर है। रायपुर जिले ने 46.34 प्रतिशत धान उठाव किया है। सबसे कम धान का उठाव बीजापुर जिले में हुआ है। इस जिले में महज 3.21 प्रतिशत की धान का उठाव हुआ है। यहां 90629 मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है।

### सबसे ज्यादा धमतरी जिले के किसान बेच चुके अब तक अपनी उपज

प्रदेशभर में धमतरी जिले के सबसे ज्यादा किसान अब तक अपनी उपज बेच चुके हैं। धमतरी जिले के 90.13 प्रतिशत किसान धान बेच चुके हैं। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 89.15 प्रतिशत किसान, जाजंगीर चांपा जिले के 89.32 प्रतिशत, मुंगेली जिले के 87.88 प्रतिशत, रायपुर जिले के 88.67 प्रतिशत, बालोद जिले के 87.52 प्रतिशत, गरियाबंद जिले के 86.11 प्रतिशत, बलौदाबाजार जिले के 83.31 प्रतिशत, मोहला मानपुर जिले के 82.28 प्रतिशत, महासमुंद जिले के 81.71 प्रतिशत, बिलासपुर जिले में 81.78 प्रतिशत, रायगढ़ जिले में 81.57 प्रतिशत, सक्ती में 81.48 प्रतिशत और दुर्ग जिले के 80.50 प्रतिशत किसान अपनी उपज बेच चुके हैं।

### धान उठाव में ला रहे हैं तेजी

धान उठाव में तेजी लाई जा रही है। मिलरों को सख्त हिदायत दी गई है। उठाव हेतु 2,40,735.14 मीट्रिक टन धान का डीओ जारी हुआ है। अब तक उपार्जन केन्द्रों से 1,74,493.22 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

**-राहुल सिंह ,** डीएमओ जिला विपणन संघ

# सरकार के दो साल में किए गए काम कितने कारगर, 24 को चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई





हरिभूमि और आईएनएच न्यूज चैनल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार 24 जनवरी को महात्मा गांधी कलामंदिर सेक्टर 6 में जिला संवाद 2026 कार्यक्रम का आयोजन होना है। शाम 4 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के कांग्रेस और भाजपा के सभी दिग्गज जनप्रतिनिधि, राजनीतिक व्यक्ति, प्रबुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा जुटेंगे। इस दौरान छत्तीसगढ़ सरकार के दो साल पूरे होने पर जिले के विकास में कारगर साबित हो रहीं योजनाओं विकास कार्यों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा होगी। आयोजन में मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, रिकेश सेन, देवेंद्र यादव, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, रविंद्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, महापौर नीरज पाल, निर्मल कोसरे, अल्का बाघमार, कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, राकेश ठाकुर, धीरज बाकलीवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे सहित कई बड़ी हस्तियां भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम का संचालन हरिभूमि व आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के द्वारा किया जाएगा। उनके द्वारा स्वास्थ्य विषय पर आईपी मिश्रा, शिक्षा पर सोनल रुंगटा, कृषि विषय पर अनिल शर्मा, उद्योग मामलो में केके झा और विकास कार्यों को लेकर मंत्री गजेंद्र यादव से सवाल किए जाएंगे। कार्यक्रम में भारती कॉलेज के संचालक सुनील चंद्राकर, शकुंतला ग्रुप के संचालक संजय ओझा, एसआर हॉस्पिटल के संचालक संजय तिवारी, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के संचालक बृजमोहन उपाध्याय, आरोग्यम हॉस्पिटल के संचालक डॉ. नवीन दारुका, स्पर्श हॉस्पिटल के संचालक डॉ. दीपक वर्मा और डॉ. संजय गोयल सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

- **हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद, जुटेंगे जिले के दिग्गज जनप्रतिनिधि**

# बदली की वजह से अधिकतम तापमान बढ़ा, प्रदेश में सबसे ज्यादा दुर्ग का

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

ट्विनसिटी में अधिकतम तापमान बढ़ने लगा है। बुधवार को दिन में बदली और धूप छांव का खेल चलता रहा। जिसकी वजह से अधिकतम तापमान प्रदेशभर में दुर्ग जिले का सबसे अधिक दर्ज किया गया। 30.8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। रात को न्यूनतम तापमान करीब दो डिग्री सेल्सियस नीचे चला जाता है। जिसकी वजह से ठंड की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के हिसाब से आने वाले चार दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने वाला है। जिससे ठंड बढ़ने जैसे हालात नहीं बने हैं। बदली की स्थिति बीच-बीच में आती रहेगी।

### दो तरह से चल रहा सिनोप्टिक सिस्टम

1. मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान के ऊपर 3.1 किमी की ऊंचाई पर चक्रवाती परिसंचरण के रूप में स्थित है, जिसके साथ द्रोणिका मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ हवाओं में स्थित है और जिसका अक्ष समुद्र तल से लगभग 5.8 किमी ऊपर है, लगभग 73 पूर्व देशांतर के है। अनुदिश अक्षांश 32 उत्तर के उत्तर में है।
2. मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वोत्तर भारत के ऊपर औसत समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊंचाई पर 120 नॉट की मुख्य हवाओं वाली उपोषणकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम चल रही है। अगले 48 घंटों में उत्तर व मध्य छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। उसके बाद न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। दक्षिण छत्तीसगढ़ में अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है।



### अलाव और ठिठुरन से मिली राहत


मौसम में पिछले तीन दिनों से बदलाव आया है। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस और इससे ज्यादा तक चला जाता है। इसलिए अधिकतम तापमान में भी बढ़ोतरी हो रही है। जिसकी वजह से ट्विनसिटी में अचानक ठंड में कमी आई है। लोग लंबे समय तक कड़ाके की ठंड से राहत पाने के लिए अलाव जला रहे थे लेकिन अब गर्म कपड़ों से ही काम चल रहा है। सार्वजिनक स्थलों, बाजारों और श्रमिक बस्तियों में अलाव जमाने का क्रम थम सा गया है। लोग अब राहत महसूस करने लगे हैं।

# राजधानी एक्सप्रेस में पथराव अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज



**भिलाई।** राजधानी एक्सप्रेस 12441 पर अज्ञात ने पथराव करने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना में ट्रेन के इंजन के सामने पत्थर लगा। घटना में ट्रेन का कांच क्षतिग्रस्त हुआ। मिली जानकारी के मुताबिक पथराव में किसी तरह लोको व सहायक पायलट को चोट नहीं आई है। बड़ा हादसा होने से बच गया। राजधानी एक्सप्रेस जो बिलासपुर से नई दिल्ली की ओर जा रही थी।

सोमवार की शाम ट्रेन अपने समय पर निकली थी। इस दौरान जैसे ही ट्रेन खुर्सीपार गेट पार कर पावर हाउस के लिए आगे बढ़ी तो अचानक अज्ञात ने ट्रेन के इंजन की ओर पत्थर फेंक दिया। तभी एक पत्थर सीधे इंजन के सामने लगे कांच आ गिरा। अचानक हुई इस घटना से कुछ देर के लिए लोको पायलट और सहायक लोको पायलट घबरा गए। ट्रेन को सुरक्षित तरीके से आगे बढ़ाया उसके बाद रेलवे पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर भिलाई-3 आरपीएफ प्रभारी मनीष कुमार टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने बताया कि अज्ञात पत्थर मारने वालो की जांच की जा रही है। जांच में पता चल रहा है कि घटना खुर्सीपार के पास हुआ है। आरपीएफ की टीम ने खुर्सीपार और आसपास के इलाकों में पतासाजी शुरू कर दी है। झुग्गी बस्तियों में भी तलाशी अभियान जारी है। कुछ संदिग्धो को आरपीएफ पकड़कर पूछताछ कर रही है। इससे पहले भी खुर्सीपार क्षेत्र में वंदे भारत ट्रेन पर पथराव किया जा चुका है। मामले में एक अपचारी बालक को पकड़कर कार्रवाई की गई थी।



# पुरानी रंजिश के कारण ज्वेलरी कारोबारी और पार्षद में मारपीट

**भिलाई।** ज्वेलरी कारोबारी और पार्षद के बीच रंजिश को लेकर जमकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि नगर पालिका परिषद जामुल पार्षद दीपक गुप्ता और ज्वेलरी संचालक केशव सोनी के मध्य रंजिश थी। इसी को लेकर सोमवार की दोपहर पार्षद पर केशव ने डंडे से पिटाई कर दी। दीपक गुप्ता शिकायत में बताया है कि कारोबारी ने उसे नेता गिरी खत्म करने और दोबारा चुनाव लड़ने लायक नहीं छोड़ने का धमकी देकर मारपीट की है। दीपक गुप्ता वार्ड 5 गणेश नगर से पार्षद है। घटना की दोपहर पार्षद अपने काम से नगर पालिका कार्यालय जा रहे थे। तभी ठेठवार मोहल्ला के पास अचानक केशव सोनी भी पहुंचा और पार्षद का रास्ता रोक विवाद करना शुरु कर दिया। दीपक को हमले में सिर, बाएं आंख और हाथ की उंगली में चोट आई है। दूसरा पक्ष केशव सोनी है। उसने शिकायत में बताया है कि वह गांव किरना तिल्द नेवरा से धान बेचकर लौट रहा था। उसके कर्मी को शिवपुरी जामुल में छोड़ने के बाद घर जा रहा था। तभी ठेठवार पारा सुभाष नगर में दीपक गुप्ता ने उसे रोक लिया। पार्षद ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दिया।

- **जामुल थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस कर रही जांच**




## खबर संक्षेप

### हनुमान मंदिर के पास बनेगा सामुदायिक भवन

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 49.95 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र विधायक गजेंद्र यादव द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-दुर्ग द्वारा किया जाएगा।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत कार्यों में वार्ड क्रमांक 23 दीपक नगर में हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु, सामुदायिक भवन के पास अहाता एवं मंच निर्माण हेतु तथा मंदिर के पास डोमशेड निर्माण प्रत्येक कार्य हेतु 9 लाख 99 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार, वार्ड क्रमांक 44 बाबा गुरुघासीदास वार्ड के फोकट पारा स्थित सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष तथा इसी क्षेत्र के रसोई कक्ष, शौचालय एवं पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य हेतु प्रत्येक कार्य के लिए 9 लाख 99 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### गणतंत्र दिवस पर मांस-मटन की बिक्री प्रतिबंधित

**दुर्ग।** 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर मांस-मटन का की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। राज्य शासन के प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने 26 जनवरी को पशुवध गृहों और मांस-मटन के निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत के दुकान बंद रखने के संबंध में ननि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पत्र प्रसारित किया है। 26 जनवरी में किसी भी दुकान में मीट-मटन की बिक्री पाए जाने पर जप्ती के साथ ही संबंधित व्यक्ति की राय यथोचित गणना की जाएगी। गणतंत्र दिवस पर दुर्ग नगर निगम के सभी जोनों के सफाई दरोगा, सुपर वाइजरों, स्वास्थ्य विभाग व बाजार विभाग को मीट-मटन के प्रतिबन्ध के निर्देश आयुक्त सुमित अग्रवाल ने दिए है।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 22 जनवरी को

**दुर्ग।** सड़क प्रयोक्ताओं के बीच जागरुकता बढ़ाने के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति के कार्यों की समीक्षा एवं एजेण्डा पर चर्चा के लिए 22 जनवरी को शाम 5.30 बजे जिला कार्यालय के सभा कक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई है। पिछले बैठक पर पारित निर्णय का पालन प्रतिवेदन बिन्दुवार एवं विगत माह में विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा दुर्घटना नियंत्रण हेतु किए गए उपाय, साथ ही ब्लैक स्पॉट, ग्रे स्पॉट के सुधार पर किये गए कार्यों का विवरण सहित निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थिति हेतु सुनिश्चित करने कहा गया है।

### निर्वाचन की बैठक आज

**दुर्ग।** निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जिले में संचालित किया जा रहा है। यह कार्य 27 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होकर 21 फरवरी 2026 तक संपादित किया जाएगा। इसी क्रम में आयुक्त दुर्ग संभाग, दुर्ग एवं रोल ऑब्जर्वर की अध्यक्षता में निर्वाचन नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में 22 जनवरी को शाम 4.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए लगाई गई प्रदर्शनी

## महापौर अलका बाघमार ने किया उद्घाटन, हितग्राहियों से भी की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला का आयोजन स्वामी विवेकानंद भवन में किया जा रहा है। बता दे कि विश्वकर्माओं द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए लगभग 100 स्टॉल लगाए है। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, हर काम का अपना महत्व है। इस योजना में टूलकिट पोस्ट ऑफिस से भेजा जा रहा है जो कि पारदर्शी है, सराहनीय है, 5 प्रतिशत वार्षिक दर पर ऋण मिल रहा है यह भी एक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से विश्वकर्माओं को अपने साथ साथ अपने बच्चों का भी भविष्य संवारने में मदद मिलेगी। विलुप्त हो रही हस्तकला को वापस लाने के लिए ही यह योजना बनाई गई है। हर हाथ को काम मिले और युवागण नौकरी के ऊपर निर्भर ना रहे जब हर हाथ को, हर कारीगर को काम मिलेगा तभी हमारा देश तरक्की के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ेगा। गांवों का विकास तभी होगा जब पुराने और परंपरागत व्यवसाय को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और गांव पहले की तरह समृद्ध और आत्मनिर्भर हो सकेंगे । डॉ. सीपी दुबे अध्यक्ष लघु उद्योग भारती ने इंसान के बनाए हुए सामानों की महत्ता के बारे बताया। भारत एक समय सोने की चिड़िया था क्योंकि देश के हरेक गांव में सारी सुविधाएं उपलब्ध थी उनको बाहर जाने की आवश्यकता नहीं थी।

### योजना के माध्यम से कारीगरों को हो रही पहचान

बीआर निकुंज मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत दुर्ग जिले में प्राप्त आवेदनों, टूल किट वितरण, स्वीकृत ऋण आदि के बारे में बताया। गणेशचंद्र डेका संयुक्त निदेशक स्किल डेवलपमेंट विभाग ने कहा कि इस योजना के माध्यम से कारीगरों की पहचान, सम्मान, सामर्थ और समृद्धि की प्राप्ति हुई है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से विश्वकर्माओं को एक मंच मिलेगा, समान कैसे बेचना है, बिजनेस कैसे बढ़ाना है इसका अवसर मिलेगा।



### प्रदर्शनी में लगाए गए 100 स्टॉल

प्रदर्शनी में लगभग 100 स्टॉल लगाए गए हैं जिनके माध्यम से विश्वकर्माओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय का अवसर मिलेगा। आभार प्रदर्शन के बी इरपाते, उपनिदेशक एमएसएमई विकास कार्यालय रायपुर, कार्यक्रम का संचालन दामोदर बेहरा सहायक निदेशक एमएसएमई विकास कार्यालय रायपुर ने किया।इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने एमआईसी सदस्य देव नारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर चन्द्राकर, निलेश अग्रवाल, शशि साहू मौजूद थे। ।

## कचरा प्रबंधन अब आधुनिक तरीके से, सफाई की दिशा में दुर्ग निगम का प्रयोग

# 1.62 करोड़ की मशीन से सैनिटरी पैड जैसे कचरे का निष्पादन मिनटों में होगा

## धमधानाका स्थित एसएलआरएम सेंटर में मशीन को किया गया स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग में अब सफाई आधुनिक तरीके से होगी। निगम ने 1.62 करोड़ रुपए की लागत से दो नई मशीनें खरीदी हैं, इसके माध्यम से सैनिटरी पैड सहित अन्य कचरे का निष्पादन अब मिनटों में होगा। शहर में ठोस एवं सैनिटरी अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत धमधा नाका स्थित एसएलआरएम (सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट) सेंटर में अपशिष्ट प्रबंधन हेतु स्थापित ट्रामिल मशीन एवं सैनिटरी अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान हेतु इंसिनरेटर मशीन का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित रहा। ट्रामिल मशीन के माध्यम से सूखे कचरे का शत-प्रतिशत पृथकीकरण कर उसका वैज्ञानिक निपटान किया जाएगा। इससे कचरे का आयतन कम होगा, परिवहन एवं भंडारण आसान होगा तथा पृथक किए गए कचरे का उपयोग कंपोस्ट निर्माण एवं पुनर्चक्रण के लिए किया जा सकेगा। इस ट्रामिल मशीन की कुल लागत लगभग 1 करोड़ 62 लाख रुपये है।



### नई तकनीकों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की तैयारी

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया जा रहा है। ट्रामिल मशीन से कचरे का वैज्ञानिक पृथकीकरण कर उसे उपयोगी संसाधन में बदला जाएगा, वहीं इंसिनरेटर मशीन के माध्यम से सैनिटरी अपशिष्ट का सुरक्षित निपटान सुनिश्चित किया जाएगा। भविष्य में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, नरेंद्र बंजारे, शेखर चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, पार्षद रंजीता पाटिल, सावित्री दमाहे, मनीष कोठारी, गुलशन साहू, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, कुणाल, राहुल सहित अन्य मौजूद थे।

### बायो मेडिकल वेस्ट के निष्पादन के लिए भी खरीदी गई मशीन

निगम ने 2 नग इंसिनरेटर मशीनों के माध्यम से सैनिटरी नैपकिन, डायपर, बायो-मेडिकल एवं अन्य संक्रमण फैलाने वाले अपशिष्ट का उच्च तापमान पर भस्मीकरण कर सुरक्षित निपटान किया जाएगा। इससे बीमारियों के फैलने का खतरा कम होगा और स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। इंसिनरेटर मशीनों पर लगभग 70 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई है। यह पहल शहर में कचरे के ढेर लगने, लैंडफिल साइटों के शीघ्र भरने एवं पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याओं के समाधान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। साथ ही इससे स्वच्छता कर्मियों की कार्य सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा उठाया गया यह कदम स्वच्छ भारत मिशन और शहरी स्वच्छता लक्ष्यों के अनुरूप है। ट्रामिल एवं इंसिनरेटर मशीनों के संचालन से शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सकेगा। उन्होंने नागरिकों से गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने में सहयोग करने की अपील की।

## गोंदिया-बरौनी और सारनाथ एक्सप्रेस को सप्ताह में 3 दिन मऊ, भटनी सीवान के रास्ते चलाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ यूपी बिहार रेल यात्री सेवा संघ की बैठक सलीम एडवोकेट चैंबर के पास हुई, जिसमें रेल यात्री सेवा संघ के सदस्यों और सिवान, गोपालगंज, देवरिया, गोरखपुर और मऊ के लोगों की विशिष्ट भागीदारी रही। इस बैठक को चाय पर चर्चा के नाम से सम्बोधित किया गया। सभी लोगों ने चाट व स्वल्पाहार का आनंद लिया। इस बैठक की शुरुआत की।

- छग-यूपी-बिहार रेल यात्री सेवा संघ की बैठक में आगे की रणनीति पर हुई चर्चा

इस दौरान जानकारी दी गई कि संघ की ओर से अभी तक सिवान, सलेमपुर और देवरिया में सांसद-विधायक, अन्य जनप्रतिनिधियों और रेलवे के आला अफसरों को ज्ञापन सौपा जा चुका और यह मुहिम लगातार आगे बढ़ रही है। सांसद सिवान व विधायक रघुनाथपुर को सौंपे गए ज्ञापन और चर्चा का ब्यौरा बैठक में दिया गया। इस दौरान सदस्यों ने प्रमुख रूप से सिवान के लिए सीधी ट्रेन की मांग रखते हुए कहा कि गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस या सारनाथ एक्सप्रेस को सप्ताह में 3 दिन मऊ भटनी सीवान के रास्ते पर चलाया जाना चाहिए जिससे आसपास जिलों के रहने वाले मुसाफिरों को यात्रा करने में आसानी होगी।

### नौतनवा एक्सप्रेस को हर दिन चलाए जाने की मांग

दूसरी मांग प्रमुख रूप से रखी गई नौतनवा एक्सप्रेस को जो सप्ताह में दो दिन चलती है उसे सप्ताह में प्रतिदिन समय परिवर्तन करके सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे के बीच दुर्ग से चलाया जाए। जिससे बनारस से आगे यात्रा करने वाले यात्रियों को रात भर स्टेशन पर न बैठना पड़े और यात्री सुगमता से अपने-अपने गृह ग्राम में पहुंच जाएं। बैठक में मोहम्मद सलीम वकील, रामायण मिश्रा, सत्तार अहमद, अरुण सोनी, हीरालाल यादव, जमालदिन, शहादत हुसैन, शाहनवाज अहमद, राहुल मौर्य, एस एच खान और हाजी एम एच सिद्दीकी सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही।

## जेआरडी और सेजेस तितुरडीह स्कूल में शिक्षकों की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान शिक्षा व्यवस्था को लेकर पूर्व विधायक अरुण वोरा ने सवाल उठाए हैं। इसी क्रम में

- एक-एक शिक्षक को 5 से 6 कक्षाएं लेनी पड़ रही

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व विधायक अरुण वोरा ने बुधवार को दुर्ग के जेआरडी स्कूल और तितुरडीह क्षेत्र स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर का जायजा लेते हुए विद्यार्थियों से बातचीत की।



वोरा ने बताया कि दोनों स्कूलों में शिक्षकों की कमी की स्थिति सामने आई है। जानकारी के अनुसार एक-एक शिक्षक को लगातार 5 से 6 कक्षाएं लेनी पड़ रही हैं, जिससे पढ़ाई की गुणवत्ता प्रभावित होने की बात कही जा रही है। इन विद्यालयों में 800 से 900 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन शिक्षकों और संसाधनों की कमी के कारण उनके शैक्षणिक भविष्य को लेकर चिंता जताई गई। तितुरडीह जैसे गरीब और श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की स्थापना पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा निजी स्कूलों की तर्ज पर निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। हालांकि वर्तमान में इन स्कूलों की स्थिति को लेकर अव्यवस्था और उपेक्षा के आरोप लगाए जा रहे हैं। ऐसी सफल योजनाएं धीरे-धीरे बंद होने की कगार पर पहुंच रही हैं। बच्चों तथा शिक्षकों दोनों का भविष्य असुरक्षित हो रहा है।

## न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सर्वोच्च न्यायालय एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा न्यायाधीशों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने हेतु निरंतर प्रेरित किए जाने से अनुप्रेरित होकर, जिला न्यायालय द्वारा

- स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने किया प्रेरित

न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शारीरिक एवं मानसिक सुदृढ़ता के साथ-साथ आपसी एकता, ऊर्जा एवं सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिला न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक एवं बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा किया गया, कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन हुआ।



स्पोर्ट्स मीट के अंतर्गत कैरम, बैडमिंटन, शतरंज, टेबल टेनिस सहित अनेक खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने खेल भावना, अनुशासन एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के दौरान प्रतिभागियों के साथ-साथ दर्शकों में भी विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिली।

इस अवसर पर उपस्थित न्यायिक अधिकारियों द्वारा खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि नियमित खेल गतिविधियाँ न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं, बल्कि मानसिक तनाव को कम कर कार्यक्षमता एवं सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करती हैं। इस प्रकार के आयोजन न्यायालयीन कार्यों में समन्वय, सहयोग तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण के निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं।

स्पोर्ट्स मीट के सफल आयोजन में आयोजन समिति, न्यायालयीन स्टाफ एवं स्वयंसेवकों का योगदान रहा। जिला न्यायालय द्वारा आयोजित यह स्पोर्ट्स मीट न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्यवर्धक, प्रेरणादायी एवं स्मरणीय आयोजन सिद्ध हुआ। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीश, कर्मचारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उपस्थित रहे।

# बिजली कर्मचारियों को दिलाई गई सुरक्षित कार्य करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत बेमेतरा संभाग के नांदघाट वितरण केंद्र में कार्यालय निरीक्षण के साथ नांदघाट एवं मारो वितरण केंद्र में पदस्थ समस्त तकनीकी कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें

- कार्यशाला में दी गई सुरक्षित कार्य करने के तरीके

अतिरिक्त मुख्य अभियंता एचके मेश्राम, अधीक्षण अभियंता एस मनोज, कार्यपालन अभियंता जेएस भटनागर एवं अनसुईया ठाकुर एवं सहायक अभियंता नवीन वर्मा उपस्थित हुए। कार्यशाला में कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग एवं स्वयं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तनाव रहित कार्य करने की जानकारी दी गई। एचके मेश्राम ने कार्यशाला में तकनीकी कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए आपसी सामंजस्य से तनाव रहित होकर कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विद्युत सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझकर और पालन करके ही विद्युतीय दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। ज्यादातर हादसे छोटी-छोटी लापरवाही से होते हैं, इसलिए बचाव के साधनों का पूरा उपयोग कर ही बिजली का कार्य करना चाहिये।

### सुरक्षा जोन बनाकर कार्य करने की सलाह

कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों ने कर्मचारियों को



आपस में संवाद स्थापित कर एवं सुरक्षा जोन बनाकर कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने मैदानी अमलों को सुरक्षा उपकरणों जैसे डिस्चार्ज रॉड, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर आदि का उपयोग करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा मैदानी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण जैसे डिस्चार्ज राड, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्तानों आदि के सुरक्षात्मक उपयोग के बारे में बताते हुए इनका प्रायोगिक तौर से दिखाया गया।

## पुष्पक नगर से कातुलबोर्ड चौक तक हटाए गए अवैध बैनर-पोस्टर

# अतिक्रमण के खिलाफ निगम की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर में स्वच्छता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर अतिक्रमण

- नियम उल्लंघन पर जुर्माना, सामग्री जब्त

अधिकारी परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण अमला द्वारा वार्ड क्रमांक 60 अंतर्गत पुष्पक नगर से कातुलबोर्ड चौक एवं आसपास के क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान नालियों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया तथा अवैध रूप से रखी गई सामग्री जब्त किया गया। निगम द्वारा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध बैनर-पोस्टर हटाकर शहर की सुंदरता पर जोर

स्वच्छता एवं शहर की सुंदरता को ध्यान में रखते हुए पुष्पक नगर से कातुल बोर्ड चौक तक सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए अवैध बैनर एवं पोस्टरों को हटाया गया। इस संबंध में आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि शहर की व्यवस्था बिगाड़ने वाली गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।




### नियमों की अनदेखी पर अर्थदंड

नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर नालियों के बाहर रॉड रखे जाने पर संबंधित व्यक्तियों से जुर्माना राशि वसूल की गई। इसके साथ ही दुकानों में डिस्पोजेबल सामग्री पाए जाने एवं डस्टबिन नहीं रखने पर संबंधित दुकानदारों पर अर्थदंड की कार्रवाई की गई। नगर निगम ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे नालियों के बाहर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें, स्वच्छता नियमों का पालन करें तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें।

## खबर संक्षेप

### लोक महोत्सव एवं विकास कार्यों का लोकार्पण 25 से

**पाटन।** ग्राम असोगा में गणतंत्र दिवस पर 25 एवं 26 जनवरी को दो दिवसीय लोक महोत्सव एवं ग्राम पंचायत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया हैं। 25 जनवरी को विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ राष्ट्रपति से सम्मानित पंडवानी गायिका उषा बारले की पंडवानी दोपहर 12 बजे से होगी। पहले दिन मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू करेंगी और विशिष्ट अतिथि लालेश्वर साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन, गंगादीन साहू पूर्व अध्यक्ष रमन सिंह टिकरिहा पूर्व जनपद सदस्य और सरपंच जानकी चोपडिया रहेंगे। दूसरे दिन समापन समारोह एवं लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता अशोक कुमार साहू पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग करेंगे। विशेष अतिथि रश्मि वेदप्रकाश वर्मा जनपद सदस्य, सत्यनारायण टिकरिहा, धनंजय वर्मा शीतकरण महिलवार, पूर्व जनपद सदस्य एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर 24 जनवरी को ग्राम असोगा में मंडई मिलन का भी आयोजन किया गया है। यह जानकारी ग्राम के उपसरपंच तालेश्वर साहू एवं हेमलाल साहू ने दी ।

### सेवानिवृत्त लिपिक कुंज बिहारी को दी विदाई



**पाटन।** सक्रिय लिपिक संगठन पाटन के तत्वावधान में बीआरसी भवन पाटन में हाईस्कूल भिलाई तीन से सेवानिवृत्त लिपिक कुंज बिहारी साहू को सम्मानित करते हुए विदाई दी गई। श्री फल एवं स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुंज बिहारी साहू ने शासकीय सेवा के अपने अनुभव बांटे। मुख्य अतिथि सुनीता सिन्हा प्राचार्य शास. उ. माध्य. विद्यालय देवादा थीं। अध्यक्षता संदीप मिश्रा ने की।

### रामायण प्रतियोगिता व मंडई मेला 26 से

**सेलूद।** पाटन विकासखंड के ग्राम नारधी मे जय हिंद नवयुवक मंडल के तत्वाधान एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से गणतंत्र दिवस पर दो दिवसीय रामायण एवं मंडई महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें 26 जनवरी को रामायण एवं 27 जनवरी को भव्य मंडई महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग होंगे। अध्यक्षता मोना सेन अध्यक्ष केश शिल्प एवं फिल्म विकास निगम छत्तीसगढ़ करेंगी। विशेष अतिथि कीर्ति नायक अध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन, नीलम राजेश चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति दुर्ग,कमलेश चंद्राकर मंडल अध्यक्ष अमलेश्वर,डॉ घनश्याम कौशिक पूर्व जनपद सदस्य पाटन, खिलावन वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति औन्धी होंगे। 27 जनवरी को मंडई महोत्सव के अवसर पर रात्रि में आकाश चंद्राकर कृत व पायल साहू के कार्यक्रम चिन्हारी लोक मंजीरा का कार्यक्रम होगा। उपरोक्त जानकारी जय हिंद नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अरविंद पाल ने दी ।

**प्रकाशन का प्रारूप**

ब अदालत,
श्रीमान् सिविल जज- 16
(वरीय कोटि)
हाजीपुर, वैशाली।
हकियत मोकदमा सं०- 1198/2025
सुरेन्द्र राय..........................................वादी
बनाम्
पप्पु कुमार वगैरह..........................प्रतिवादीगण

अजाजा के वादी ने प्रस्तुत मोकदमा आप प्रतिवादी याने 1. संजीव कुमार, पिता- जय नारायण राय, साकिन मौजा एन०एच०- 221, भिलाई नेहरू नगर, नोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई दुर्ग (छत्तीसगढ़) के खिलाफ दायर किया है जिसमे सम्मन मय नकल अर्जीदावी आप पर दोनो विधियों याने नजारत द्वारा वो निबंधित डाक द्वारा भेजा गया जो आप पर विधिवत तामिल भी हुआ बावजूद इसके आप हाजीर अदालत नही हुए लेहाजा प्रस्तुत प्रकाशन द्वारा आपको सूचित किया जाता है, के आप इस गोकदगा की अगली निश्चित तारीख याने दिनांक-02/02/2026 समय करीब 10.30 बजे पूर्वाहन असालतन या वकालतन हाजीर अदालत होकर जो कुछ भी उजूर हो पेश करे वरना मोकदमा की कार्रवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय रूप से अग्रसारित की जायेगी।

ताकिद जाने।

आज दिनांक-07/01/26 को मेरे हस्ताक्षर वो मोहर से जारी किया गया।

मोहर
सिविल जज 16 (वरीये कोटि)
हाजीपुर, वैशाली।

## भिलाई-चरोदा निगम ने फरवरी 2025 को जारी किया वर्क आर्डर, काम अब तक शुरू नहीं

# गड्ढों वाली सड़क से गुजरने की लोगों की मजबूरी मंजूरी के सालभर बाद भी नहीं हुई राह आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा बजरंग पार और गांधी नगर में बीटी सड़क का निर्माण सालभर बाद भी अधूरा है। करीब 2 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण नहीं होने से गुजरने वाले लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

खास बात यह है कि निविदा प्रक्रिया पूरी करने के बाद कार्य एजेंसी को काम करने का वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया, लेकिन एजेंसी ने अब तक काम शुरू नहीं किया है। सड़क का काम अटका हुआ है। वार्ड 15 बजरंग पारा और वार्ड 13 गांधी नगर भिलाई तीन में अग्रवाल ट्रेडर्स से गैलेक्सी चौक तक बीटी सड़क का काम होना है। मगर साल भर बीतने के बाद भी सड़क का काम नहीं हो पाया है। बीटी सड़क निर्माण का काम के लिए 14 अक्टूबर 2024 को निकाला गया था। इसका काम इस्पात नगर रिसाली के मेसर्स भुवन कंस्ट्रक्शन को मिला, लेकिन अब तक सड़क के काम की शुरुआत तक नहीं की गई है।

**वार्ड 15 और वार्ड 13 के लोगों की आवाजाही का मुख्य मार्ग**



### बारिश के दिनों में होती है सबसे ज्यादा परेशानी

बजरंग पारा व गांधी नगर में बीटी सड़क का काम 18.50 लाख रुपए में होना था लेकिन साल भर हो चुका है टेंडर लेकिन ठेकेदार ने काम तक का शुरुआत नहीं किया है। इस तरह का काम भिलाई-चरोदा निगम में बेखौफ तरीके से चल रहा है। बजरंग पारा और गांधी नगर में हजारों की संख्या में लोग निवासरत है। इन्हें इसी सड़क से गुजरना पड़ता है। फिर भी बीटी सड़क का काम अटका हुआ है। हर बारिश में सड़क पर पानी भी जमा हो जाया करता है। इससे परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### रात के समय अंधेरा, ग्रामीणों को होती है ज्यादा परेशानी

इस सड़क से दर्जन भर से अधिक गांव के लोगों का आना जाना लगा रहता है। वर्तमान में उक्त सड़क बुरी तरह जर्जर हो चुका है। लंबे समय से इसे लेकर रिनेवल करने के लिए मांग उठती रही है। लेकिन उक्त वार्ड में विकास कार्य को बेहतर ढंग से निगम के अधिकारी नहीं करने देना चाहते है। इस कारण ही इस तरह वार्ड से सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। बीटी सड़क का काम अटकने से आने जाने वालों को बारिश में बड़ी दिक्कत होती रही है। जर्जर होने से अक्सर लोग हादसे का भी शिकार होते रहें है। बावजूद निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण ही बीटी सड़क का काम नहीं हो पा रहा है। इस सड़क से बजरंगपारा, गांधी नगर, रेलवे कालोनी, डबरा पारा, सिरसा कला, जी केबिन, देवबलौदा समेत एनसपीसीएल, बीएसपी में काम करने वाले कर्मी भी इसी सड़क का इस्तेमाल करते हैं।

### कमीशन के चलते ही काम रोका

साल भर से काम रोका गया है। टेंडर भी निकाला गया था। काम भुवन कंस्ट्रक्शन रिसाली को मिला है। लेकिन ठेकेदार से अधिकारियों का कमीशन सेट नहीं होने से विकास कार्य को रोका गया।

**लावेश मदनकर,** पूर्व पार्षद नपानि भिलाई-चरोदा

### केनाल सड़क का होना है निर्माण

केनाल सड़क निर्माण होना है। इस कारण अब तक काम नहीं किया गया है। टेंडर निकाला गया था। काम कब तक होगा दस दिनों बात ही बता पाउंगा।

**रवि सिन्हा ईई,** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा

# नेहरू आर्ट गैलरी में सुरक्षा पेंटिंग प्रदर्शनी उद्घाटित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सुरक्षा जागरुकता माह के तहत नेहरू आर्ट गैलरी में सुरक्षा विषय पर आधारित ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीएसपी के कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने किया।सीजीएम तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कांत, सीजीएम राहुल श्रीवास्तव, एमके के. गोयल, त्रिभुवन बैठा, प्रोसेनजीत दास तथा जगेन्द्र कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। प्रदर्शित कलाकृतियों द्वारा कलाकारों ने यह सशक्त संदेश दिया कि सुरक्षा केवल नियमों तक सीमित नहीं, बल्कि घर से कार्यस्थल तक अपनाई जाने वाली जीवनशैली है।" इसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत आरंभ किया गया।मुख्य महाप्रबंधक डी सतपथी ने स्वागत उद्बोधन दिया।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुरक्षा जागरूकता की वास्तविक शुरुआत बचपन से और घर से होती है, क्योंकि प्रारंभिक अवस्था में विकसित आदतें आगे चलकर कार्यस्थल को सुरक्षित रखती हैं। एवं प्रतियोगिता में प्राप्त चित्रों का विशेषज्ञ निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन किया गया, जिसके आधार पर विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों का निर्धारण किया गया। निर्णायक मंडल के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता नर्सरी से कक्षा 12वीं तक कुल सात श्रेणियों में आयोजित की गई थी, जिसमें दिव्यांग श्रेणी एवं अभिभावक श्रेणी भी सम्मिलित थीं। प्रतियोगिता के विषयों में सामान्य सुरक्षा, अग्नि एवं घरेलू सुरक्षा, सड़क एवं रेल सुरक्षा तथा पर्यावरण एवं औद्योगिक सुरक्षा शामिल रहे। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

### सुरक्षा का दिया संदेश

यह प्रदर्शनी 11 जनवरी को सुनिति उद्यान, सेक्टर 8 में आयोजित बाल सुरक्षा ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में निर्मित चयनित चित्रों पर आधारित है। प्रतियोगिता में बच्चों, दिव्यांग प्रतिभागियों एवं अभिभावकों सहित 1142 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रदर्शनी 23 जनवरी तक आम नागरिकों के अवलोकन के लिए खुली रहेगी। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक वेंकटपति राजू व धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल ने किया।

## गुरु घासीदास किसी एक समाज के नहीं, संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक : विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा




▪ अंडा में एक दिवसीय भव्य पंथी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अंडा परिक्षेत्र सतनामी समाज सम्मेलन पंथी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बाबा घासीदास एवं सतनाम पंथ के पवित्र प्रतीक जैतखाम की पूजा-अर्चना कर बधाई दी। समारोह को संबोधित करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक थे। उनका अमर संदेश "मनखे-मनखे एक समान" सामाजिक समानता, मानवीय गरिमा और भाईचारे की सुदृढ़ नींव रखता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अधिकांश गारंटियों को बीते दो वर्षों में धरातल पर उतारा गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर सरपंच दिग्विजय सिन्हा उपसरपंच यशवंत बंजारे, पूर्व जनपद सदस्य श्री टिकेश्वरी देशमुख पूर्व जनपद सदस्य विक्की मिश्रा, जुगल प्रसाद जोशी दिनेश जोशी विक्की जोशी रोशन जोशी राजेन्द्र टंडन डॉ चेकल यशवंत जोशी विजय बघेल युगलप्रसाद जोशी ज्ञानेंद्र जोशी विजय जोशी राधे लाल टंडन जितेन्द्र जोशी देवब्रत मारकंडे शंकर बांधे, पप्पू सहित समाज गंगा के लोग उपस्थित रहे।

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार व डिस्काउंट



**भिलाई।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनो की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग तत्काल प्रदान की जाती है।

श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि विश्वास व विश्वसनियता का प्रतीक ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए धन्यवाद दिया। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है।100% वापसी के साथ दिया जाता है वापसी करने पर काट छाट नहीं होती। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा प्रदान की जाती है साथ ही ख़रीदे गये ज़ेवर की घर पहुंच पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है व किसी भी गहने की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है। आशा है बेहतर से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए ओम ज्वैलर्स अवश्य पधारे।

## प्राकृतिक संपदा को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी



**भिलाई/जामुल।** उदय महाविद्यालय जामुल-भिलाई के बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थी व प्राध्यापकों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। सर्वप्रथम बालोद जिले में स्थित गंगा मईया मंदिर के इतिहास से अवगत हुए। पश्चात तांदुला बांध के विषय में जाना। विद्यार्थियों को बताया गया कि इसका जल भिलाई स्टील प्लांट भिलाई और दुर्ग के लिए पेयजल व सिंचाई के लिए उपयोग किया जाता है। गुरुर विकास खंड में गंगरेल बांध के किनारे अपनी प्राकृतिक सुन्दरता और शांत वातावरण में स्थित ओना-कोन्हा गांव जहां नासिक के त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग का प्रतिरुप स्थापित है। विद्यार्थी व प्राध्यापकों ने वहां के निवासियों, व्यवसाय, संस्कृति को जाना। प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते हुए नौका विहार किया। महाविद्यालय की प्राचार्या ने कहा कि हमें अपनी प्रकृति जिसमें जल, भूमि, हमारे संसाधनों की सुरक्षा उसके साथ संतुलन बना कर प्रकृति की संपदा को सुरक्षित रखना हम सब का कर्तव्य और जिम्मेदारी है। इस दौरान प्राचार्या डॉ. अलिपा साहू, विभागाध्यक्ष डॉ. कलावती राव आदि उपस्थित थे।

# मनवा कुर्मी समाज पाटन राज का अधिवेशन पंदर में 25 को, तैयारी बैठक में दी जवाबदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज का 80वां राज वार्षिक अधिवेशन का आयोजन दानवीर स्वर्गीय केजा बाई वर्मा एवं शिक्षाविद प्राचार्य स्व दानीराम वर्मा स्मृति सभा स्थल पंदर (पाटन) में 25 जनवरी को किया जा रहा हैं।

▪ बड़ी संख्या में जुटेंगे कुर्मी समाज के लोग ग्राम पंदर में

आयोजन की तैयारी में पंदर, गुजरा व मटिया सहित पाटन राज के पदाधिकारी जुटे हैं। राज प्रधान युगल किशोर आडिल ने समाज के लोगो से पुरजोर सहयोग की अपील की जा रही है।

राज प्रधान युगल किशोर आडिल ने बताया कि मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज कि वार्षिक अधिवेशन की तैयारी में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण, सामाजिक चेतना और विकास पर जोर दिया जा रहा है,वरिष्ठजनों, युवाओं और मातृशक्ति की भागीदारी सुनिश्चित करना।सामाजिक बैठकों और कार्यक्रमों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचा तैयार करना है।समाज के लिए महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर आम सभा में चर्चा करना कुल मिलाकर, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का अधिवेशन सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक प्रगति को बढ़ावा देने, एकता मजबूत करने और समाज को भविष्य के लिए तैयार करने का एक महत्वपूर्ण मंच है।जिसकी तैयारी सामाजिक लोगो के द्वारा पुरजोर से किया जा रहा हैं। ग्राम पंदर में आयोजित होने वाले अधिवेशन मे समस्त अतिथि जतिनिधि एवं समाज प्रमुखों के द्वारा समाज को सम्बोधित करते हुए समाज मे किस प्रकार परिवर्तन करना है इस पर अपनी बात रखेंगे। वहीं कार्यक्रम में किसी समाजिक विषय पर अपनी बात रखने के लिए खुला मंच भी प्रदान किया जाएगा जिसमें आम जनमानस एवं बुद्धिजीवी वर्ग भी अपनी बात रख सकते है।साथ ही निशुल्क चिकित्साशिविर का आयोजन किया जायेगा।

### दो जोड़ो का विवाह होगा सम्पन्न

इस अधिवेशन में दो जोड़े विवाह के बंधन में बधेंगे। वार्षिक अधिवेशन में कुछ वर्षो ने बंद परिणयोत्सव को फिर से पहल करते हुए शुरुवात किया जा रहा हैं जिसकी सभी तरफ प्रसंशा हो रही हैं इससे समाज के गरीब परिवारों को खर्चोली विवाह से मुक्ति मिलेगी।

## दुर्लभ और विशेष है चंदखुरी का कौशल्या मंदिर : महेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



चंदखुरी में स्थित कौशल्या मंदिर दुर्लभ और विशेष है, क्योंकि यह पूरे देश में इस तरह का एक मात्र है। बाल रूप में श्रीराम माता की गोद में सुशोभित और भक्तों के मनमोहक हैं। माता कौशल्या जन्मभूमि सेवा संस्थान के अनुसार कौशल नरेश भानुमन्त की पुत्री कौशल्या कहलाईं। वाल्मीकि, तुलसीदास और कालिदास आदि ने भी इनका उल्लेख किया है। मां कौशल्या देवी मंदिर चंदखुरी के दर्शन कर लौटे आचार्य डॉ.महेश चन्द्र शर्मा ने उक्त बातें कहीं। देश-विदेश के अनेक सफल शैक्षणिक - सांस्कृतिक भ्रमण कर, लेखक आचार्य डॉ.शर्मा ने हाल ही में चंदखुरी का भी सफल और विस्तृत भ्रमण किया।

## देवादा सरपंच ने शोक संतप्त परिवार को दी आर्थिक सहायता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

ग्राम देवादा की बिसाहिन यादव के निधन पर मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने मृतका के पुत्रों अरुण यादव एवं धनेश यादव को अपनी ओर से 5,000 की आर्थिक सहायता राशि एवं एक कट्टा चावल प्रदान किया। यह सहायता सरपंच द्वारा व्यक्तिगत रूप से दी गई, जिसका उद्देश्य शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करना है।

सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़ा होना सामाजिक दायित्व है और जरूरतमंद परिवारों की हरसंभव मदद की जानी चाहिए। इस अवसर पर बनऊ यादव, लल्ला यादव, श्यामा बाई, रामबाई, मेघु, देवकी, सुमित्रा, बाऊ, केतन, दद्दू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सम्मान समारोह 24 को

**भिलाई।** स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई द्वारा अग्रसेन भवन सेक्टर-6 में 24 जनवरी दोपहर 2.30 बजे से सामाजिक, धार्मिक और शैक्षणिक व व्यापारिक संस्थाओं से जुड़े लोगों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय होंगे। अध्यक्षता अग्रेशन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष बंशी अग्रवाल करेंगे।

### अवैध रूप से संचालित मांस-मटन दुकान को निगम ने किया बेदखल



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सुबह निरीक्षण में खुले में अवैध रूप से दुकान लगाकर मांस-मटन विक्रय करते पाया गया। निगम क्षेत्र में अवैध दुकान संचालित कर मांस-मटन विक्रय प्रतिबंधित किया गया है, उसके बाद भी मुख्य चौराहे पर कटिंग कर बेचा जा रहा था। जोन-3 सुभाष चौंक में अवैध रूप से दुकान लगाकर खुले में मांस-मटन विक्रय किया जा रहा था। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के उपस्थिति में मांस-मटन किये जा रहे दुकानों पर बेदखली कार्यवाही की गई। लगाये गये बांस-बल्ली को जे.सी.बी. से तोड़कर जप्त किया गया। दुकान संचालक को समझाइस भी दिया गया है कि कहीं भी खुले में दुकान न लगाये। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चुड़ामणी यादव सहित बेदखली टीम उपस्थित रहे।

## भिलाई निगम की एमआईसी की बैठक में शहर के विकास कार्यों पर लगी मुहर

# लीज भूखंडों का प्रयोजन बदलने, वार्ड 31 व 35 में डामरीकरण और नए वाहनों की खरीदी को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आज महापौर नीरज पाल एवं अपर आयुक्त सह सचिव राजेन्द्र कुमार दोहरे की उपस्थिति में हुई। बैठक में जनहित, अधोसंरचना विकास और निगम की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु डामरीकरण, कचरा प्रबंधन और लीज भूखंडों के प्रयोजन परिवर्तन जैसे अहम विषयों पर गहन चर्चा के बाद कई प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई।

**महापौर ने सफाई व्यवस्था बेहतर करने के दिए निर्देश**




### 30 साल लीज आवंटित भूमि का प्रयोजन बदलेगा

विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा 30 वर्षीय लीज पर आवंटित भूखंडों के प्रयोजन परिवर्तन हेतु विधि अनुसार प्रक्रिया निर्धारण पर परिषद ने पुनर्विचार कर अपनी सहमति दे दी है। इससे लंबे समय से लंबित प्रकरणों का निराकरण हो सकेगा। जोन-3 के अंतर्गत वार्ड 31 बैकुण्ठधाम स्वागत द्वार से स्वास्थ्य कार्यालय तक और वार्ड 35 किशन चौक से पप्पू चौक होते हुए 1 नंबर पंप हाउस तक डामरीकरण कार्य को मंजूरी दी गई है, जिससे आवागमन सुगम होगा।

### नए वाहनों की होगी खरीदी

एमआईसी ने एसएलआरएम सेंटर में कचरा पृथकीकरण और गीले कचरे से खाद बनाने के कार्य के साथ-साथ, 15वें वित्त आयोग के 'मिलियन प्लस सिटी' योजना के तहत नए संसाधन वाहनों की खरीदी को स्वीकृति दी गई। जोन-2 वैशाली नगर स्थित खेल मैदान के बेहतर संचालन, प्रबंधन और संधारण की जिम्मेदारी निजी/संस्थागत हाथों में सौंपने का निर्णय लिया गया है।

### अवैध व लावारिस वाहनों की करेंगे नीलामी

नेहरू नगर (वार्ड 4) के जी.ई. रोड स्थित गार्डन नंबर 1 से 4 के संचालन हेतु 'रुचि की अभिव्यक्ति' आमंत्रित करने के प्रस्ताव को सलाहकार समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया है। अवैध वाहन नीलामी और शहर में लावारिस एवं अवैध रूप से खड़े वाहनों की नीलामी तथा सुपेला एवं घासीदास नगर के सामुदायिक भवनों व शांति नगर दशहरा मैदान के खाली परिसर को किराये पर देने हेतु नए सिरे से प्रस्ताव तैयार कर अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निगम के नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों के सेवा विस्तार और अन्य विभागीय विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, केशव चौबे, आदित्य सिंह, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू सहित कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, अनिल सिंह, अरविन्द शर्मा, राजस्व अधिकारी जे.पी. तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क डामरीकरण, वाटर एटीएम, पार्किंग, तेलहा नाला का आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ मदर टेरेसा नगर क्षेत्र में समस्याओं से रूबरू हुए आयुक्त

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-3 अंतर्गत नवीन डामरीकरण सड़क, वाटर एटीएम, सड़क बाधा, अवैध पार्किंग, साफ-सफाई सहित तेल्हा नाला का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता द्वारा वार्ड क्रमांक 30 में 18 नंबर रोड के पास नया डामरीकरण सड़क निर्माण किया गया है, जिसका निरीक्षण किया गया। समीपस्थ पार्षद निधि से नागरिको की सुविधा के लिए वाटर एटीएम स्थापित है, जिसका अवलोकन कर साफ-सफाई कराने निर्देशित किये है। स्थानीय नागरिको द्वारा सड़क किनारे कचरा फेंका गया था, जिसे साफ कराने कहा गया है। वार्ड क्रमांक 27 व 28 में सड़क पर ब्रेकर बनाया गया है, जिसे हटाने निर्देशित किये है। वहीं सड़क किनारे पुराना टैम्पो खड़ा कर सड़क बाधा किया गया है, जिसे हटवाने कहा गया है। समीपस्थ बीएसपी स्कूल के बाउण्ड्रीवाल से लगा हुआ अवैध पार्किंग किया है, जिसे नोटिस देकर कार्यवाही करने कहा गया है। स्थानीय नागरिकों द्वारा स्कूल के पास कचरा फेकते पाया गया, जिसमें चालानी कार्यवाही करने निर्देशित किये है। आयुक्त द्वारा नागरिकों में जागरूकता लाने एवं प्रचार-प्रसार कराने कहा गया है।

सुभाष चौक में खुले में मांस-मटन बेचने वालो के उपर कार्यवाही करने निर्देशित किये है। वार्ड क्रमांक 34 तेल्हा नाला के किनारे प्रस्तावित बाउण्ड्रीवाल स्थल का अवलोकन किये। समीपस्थ नागरिको द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया है, जिसे हटाने निर्देशित किये हैं। आयुक्त महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए बंद पड़े कार्य को अविलंब शुरू करने एजेंसी को कहा गया है । साथ ही वहां आस-पास की साफ-सफाई कराने कहा गया है। निरीक्षण के दौरान पार्षद जालंधर सिंह मौजूद थे।

# जामुल में 11 करोड़ के विकास कार्यों को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल



नगर पालिका परिषद जामुल में सामान्य सभा की बैठक हुई। इस दौरान नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने विकास कार्यों को लेकर सदन को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि करीब 11 करोड़ की लागत से वार्डों में विकास कार्य होंगे। इससे पूरे शहर की तस्वीर बदल जाएगी। इसके लिए राज्य राज्य प्रवर्तित योजना के लिए 2.50 करोड़, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 1.23 करोड़, पेयजल प्रबंधन के लिए 86 लाख रुपये के प्रावधान को अनुमोदन किया गया। स्वीकृति के बाद इनकी निविदा की जाएगी। वायु गुणवत्ता अंतर्गत 1 करोड़ 27 लाख, 15 वें वित्त आयोग मिलिनियम प्लस सीटी अंतर्गत 1 करोड़ 5 लाख रूपये, 37 विकास कार्य के लिए 2 करोड़ 50 लाख रूपये, अधोसंरचना मद अंतर्गत 1 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का प्रस्ताव शासन को पेश किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीमा बक्शी ने सभी वार्डों के कार्यों के बारे में पार्षदों को बारीकी से विकास कार्यों की जानकारी दी। प्रशासनिक या तकनीकी कारण से बचे कार्यों में तेजी लाने शासन को भी पत्र प्रेषित किया गया। सामान्य सभा के बैठक में नपा उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, पार्षदगण सबीहा करीम खान, खम्हन ठाकुर, रेखराम बंछोर, सरोजनी चंद्राकर, दीपक गुप्ता, संजय देशलहरा, अश्वनी साहू, सीमा यादव, रामप्यारी वर्मा, कविता विश्वाल, के राजू, चुम्मन वर्मा, दुर्गा वैष्णव, तिलेश्वर देवांगन, शांति टंडन, सांसद प्रतिनिधि हलधर साहू समेत लेखापाल शिवाजी प्रसाद, राजस्व अधिकारी हरीश साहू, लोक निर्माण के रामू देवांगन, मोहन वर्मा, शिवनंदन देवांगन मौजूद थे।

### मूलभूत सुविधा ही प्रमुख विकास

नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि जामुल पालिका क्षेत्र के विकास में कोई बाधा नहीं आएगी। सभी वार्डों में विकास कार्य किए जाएगें। मूलभूत सुविधा से जुड़े कार्यो को प्रमुख रुप से ध्यान में रख कर विकास कार्य किया जा रहा है। विकास कार्यों से जामुल की तस्वीर बदलेगी। इसके लिए सभी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मिलकर विकास कार्यों में अपना योगदान दे रहें हैं।

### बंगाली समाज का फूड फेस्टिवल आज से

**भिलाई।** भिलाई बंगाली समाज बीबीएस द्वारा 22 और 23 जनवरी को दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन ओपन एयर थियेटर सिविक सेंटर भिलाई में किया गया है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, फूड फेस्टिवल, सम्मान समारोह आयोजित है। गायन और पेंटिंग स्पर्धा के विजेता बच्चों का सम्मान किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष सुप्रभात पाल ने बताया कि 22 और 23 जनवरी को शाम 7 बजे से फूड फेस्टिवल और बच्चों का सम्मान किया जाएगा। वहीं 23 जनवरी को सुबह 8 बजे नेताजी सुभाष जयंती के अवसर पर बीएसपी आदर्श स्कूल सेक्टर-7 से प्रभात फेरी नकाली जाएगी। नगर भ्रमण करते हुए रैली का समापन नेहरू कल्चरल हाउस सेक्टर-1 में होगा। वहीं शाम को 7 बजे से फूड फेस्टिवल और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।






02

देश-दुनिया से आए प्रोफेसर जुटे...

## लाइव इवेंट

### पंचशील पंजाबी एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व



**भिलाई।** पंचशील पंजाबी एसोसिएशन भिलाई द्वारा लोहड़ी पर्व का आयोजन पंजाबी पैलेस के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंजाबी गीतों की धुन पर लोग झूमते नजर आए और पूरे माहौल में उत्सव की रंगत दिखी। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश मल्होत्रा ने सभा में उपस्थित सभी सदस्यों और उनके परिवारजनों का स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने लोहड़ी पर्व और नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, समृद्धि और मंगल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्यों को विशेष रूप से स्मरण किया गया। साथ ही उन सदस्यों का भी सम्मान किया गया जिन्होंने तन, मन और धन से समाज के कार्यों में निरंतर योगदान दिया है। छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा रायपुर से पधारे पदाधिकारियों और सदस्यों का भी सम्मान किया गया। जबलपुर से आए गायक जसवीर सिंह संधू को उनके सांस्कृतिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान एसोसिएशन से जुड़े पांच नए परिवारों का परिचय कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकारिणी के सभी सदस्यों द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना की गई। धन्यवाद ज्ञापन सामान्य सचिव जितेंद्र उप्पल ने किया।

## लाइव इवेंट

### तीर्थंकर की स्थापना पर हुआ भगवान का अभिषेक और शांतिधारा का जाप



**दुर्ग।** दिगंबर जैन पंचायत बड़ा मंदिर में जैन धर्म के 24 तीर्थंकर भगवान की 24 बेदी की आराधना की गई। प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ से लेकर अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी इस बेदी में विराजमान थे। इसकी प्रतिष्ठा 35 वर्ष पूर्व विधि विधान मंत्र, सूर्य मंत्र से आचार्य देव नंदी महाराज ने की थी। सकल जैन समाज के सानिध्य में यह कार्यक्रम हुआ। सुबह से बड़ी मंदिर में समस्त धर्म प्रेमी बंधुओं, मूर्ति प्रदाता भाग्यशाली की उपस्थिति में अलग-अलग कार्यक्रम हुए। समाज के संजय बोहरा ने बताया कि इस शुभ दिवस अवसर पर 24 जैन परिवार ने जिनेंद्र भगवान का अभिषेक किया। शांति धारा मंत्र के साथ अभिषेक पूर्ण हुआ। इस अवसर पर ज्ञानचंद पाटनी, महावीर गंगवाल, महेंद्र पाटनी, मनोज बागलीवाल, संजय बोहरा, टीकम बाकलीवाल, संगीत बाकलीवाल, मीना, सुनीता बोहरा, अनीता बाकलीवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## लाइव इवेंट

### सबसे छोटी मूर्तियों की लगाई प्रदर्शनी विद्यार्थियों को दिया चित्रकला का प्रशिक्षण




**भिलाई।** ग्राम भोथीपार खुर्द के माध्यमिक विद्यालय में सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन के दुनिया की सबसे छोटी मूर्तियों की निशुल्क प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान उनके द्वारा बच्चों को चित्रकला का प्रशिक्षण और कला सामग्री का वितरण किया गया। अंकुश देवांगन छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगभग 36 वर्षों से हिंसा छोड़ो कला से नाता जोड़ो आंदोलन चला रहे हैं, ताकि बच्चे सृजनशील बनें और हिंसा के क्षेत्र में न जाएं। संयोजक सचिन निषाद के नेतृत्व में अंकुश देवांगन तथा प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएस विद्यार्थी की पेंटिंग प्रदर्शित की गई। प्रधान पाठक सुषमा मेश्राम ने इस विश्वस्तरीय कलाओं को उनके दूरस्थ ग्राम में प्रदर्शित करने के लिए कलाकार को धन्यवाद दिया है। अंकुश देवांगन ने छात्रों ने कहा कि वे किसी न किसी कला में जरूर निपुण हों, ताकि आज के तनाव भरे जीवन में सुकून के दो पल प्राप्त कर सकें। उन्होंने जानकारी दी कि संयुक्त राष्ट्रसंघ, शिक्षाविद तथा बड़े-बड़े वैज्ञानिक भी मानते हैं कि दुनिया के समस्त बच्चों को किसी ने किसी कला को जरूर सीखना चाहिए। कार्यक्रम में प्रधान पाठक हुमन सिंह ठाकुर, शिक्षिका दया साहू, सुविलास चंद्राकर, सुजात बोरकर, सोनम रामटेके उपस्थित थे।

**बसंत पंचमी की तैयारी : 23 जनवरी को भिलाई-दुर्ग के मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन, कादम्बरी नगर स्थित खाटू श्याम में मनेगा उत्सव**

# विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती का मनेगा प्राकट्योत्सव, मंदिरों में होगी मां दुर्गा और शिव परिवार की आराधना, फागोत्सव की भी शुरुआत

बसंत पंचमी पर 23 जनवरी को विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का प्राकट्योत्सव मनाया जाएगा। स्कूल-कॉलेजों समेत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में माता की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। राजधानी के मठ मंदिरों में पूजा-अर्चना हवन अनुष्ठान होंगे। बसंत पंचमी की तिथि विद्यारंभ के लिए खास मानी जाती है। इसके अलावा नई शुरुआत के लिए भी इस दिन को महत्वपूर्ण माना गया है। शिल्प ग्राम थनौद के मूर्तिकार लव चक्रधारी ने बताया कि इसी दिन से गणेश पूजा और दुर्गा पूजा के लिए मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं। इसके साथ ही भगवान के कृष्ण के मंदिरों में 40 दिवसीय फाग उत्सव की शुरुआत होती है। मंदिरों में मां दुर्गा, काली और शिव परिवार की विशेष अराधना होती है। भिलाई-दुर्ग के सभी प्रमुख मंदिरों में इस बार उत्सव को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है।



**भिलाई।** बंगाली समाज द्वारा अलग-अलग जगहों पर माता काली की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस दौरान पंडित हाथे खोड़ी की रस्म निभाएंगे और 3-5 साल के बच्चों को अक्षर लिखना सीखाएंगे। हाउसिंग बोर्ड, कैलाशनगर, टाउनशिप में कुछ जगहों पर यह पंरपरा निभाई जाएगी। बसंत ऋतु के आगमन की खुशी में कादम्बरी नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर में विशेष आयोजन होने हैं। इसके अलावा कृष्ण मंदिर छोटे मठ, महेश कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, स्कॉन मंदिर सेक्टर-6, राधा-कृष्ण मंदिर राधिकानगर, बालाजी मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, हनुमान मंदिर सेक्टर-9 में भी आयोजन को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही है। महात्युंजय मंदिर के पुजारी पं. लाखेश्वर पांडेय ने बताया कि बसंत पंचमी से 45 दिनों तक प्रतिदिन श्रीराम-जानकी, बालाजी और हनुमानजी को गुलाल लगाया जाएगा। उन्हें आम बौर और गेहूं की बाली अर्पित की जाएगी। उत्सव 8 मार्च को रंगपंचमी तक चलेगा। गोपाल मंदिर में बसंत पंचमी पर बसंत कलश की स्थापना की जाएगी। 4 मार्च तक चार चरण में 40 दिन का उत्सव मनाया जाएगा। पहले 10 दिन बसंत खेल में ठाकुरजी को रंग अर्पित किए जाएंगे। हर दिन खेल भारी होते जाएंगे। शहर के मंदिरों में हवन-पूजन सहित विभिन्न अनुष्ठान होंगे। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सैकड़ों भक्त जल, ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण एवं विश्व शांति के लिए हवन में आहुतियां देंगे। इस बार पूरे अंचल में बसंत पंचमी का त्योहार परंपरागत ढंग से मनाए जाने की तैयारी की गई है। इस अवसर पर मंदिरों, शिक्षण संस्थानों के साथ ही कला और साहित्य से जुड़े लोगों द्वारा मां सरस्वती की पूजा की जाएगी। सबसे पहले माता सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। इसके बाद कलश स्थापित कर भगवान गणेश का नाम लेकर पूजन आरंभ होगी। इसके बाद माता सरस्वती को आचमन कर स्नान कराया जाएगा। विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी।


कालीबाड़ी सेक्टर-6


मां बम्लेश्वरी मंदिर सेक्टर-6


शिवमंदिर नेहरूनगर

### पीले वस्त्र का विशेष महत्व

बसंत पंचमी को लेकर मंदिर समितियों के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजन होते हैं। माता सरस्वती को पीले रंग के फूल अर्पित किए जाते हैं। माला और सफेद वस्त्र पहनाकर पूरा श्रृंगार किया जाता है। माता को पीले फूल और बूंदी भी चढाई जाती है। पूजन के बाद अनेक स्थानों पर खिचड़ी का प्रसाद बांटा जाता है। कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते हैं। कुछ स्थानों पर हवन भी प्रस्तावित किए गए हैं। इस दिन पीले वस्त्र को लेकर मान्यता है। पीले वस्त्र पहनकर पूजा-अर्चना करने से हर मनोकामना पूरी होती है।




# अग्रवाल समाज की पहल, जिन सामाजिक बंधुओं के पास घर नहीं, उन्हें की जाएगी आर्थिक मदद

**दुर्ग।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई की तृतीय कार्यकारिणी बैठक अंबिकापुर में हुई। बैठक में भिलाई-दुर्ग के भी सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में पूरे छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से सम्मानीय अग्रवाल बंधुओ की भरपूर उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री राजेश अग्रवाल थे। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज में जिनके पास घर मकान नहीं है, किराए में रह रहे हैं। उन्हें आर्थिक सहयोग देवें ताकि उन्हें घर मकान मिले। विशिष्ट अतिथि अजय अग्रवाल ने कहा कि संगठन में एक साथ रहो। साथ ही अन्य समाज के साथ समय आने पर एक दूसरे का साथ दो। हम संगठन में रहेंगे तो बाहरी ताकतें हम पर भारी नहीं पड़ेगी। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल ने समाज में हो रहे आडंबर दिखावा एवं फिजूल खर्ची, प्री वेडिंग को ना करने की सलाह देते हुए सभी को बधाई दी। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल ने कहा हम सुधरेंगे युग सुधरेगा। हम बदलेंगे युग बदलेगा। परिवार में बच्चियों को खूब पढ़ाओ लिखाओ। प्रदेश संरक्षक सुधीर उषा अग्रवाल ने दो जरूरत मंद महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान की। इस अवसर पर अजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल, किशन कुमार अग्रवाल, कमल रूंगटा, सुधीर अग्रवाल, उषा अग्रवाल, अनीता अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



# जिला अस्पताल में 25 जनवरी को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में 25 जनवरी को विशाल रक्तदान शिविर आयोजित है। शिविर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक लगेगा, जिसमें 1 हजार यूनिट से ज्यादा ब्लड कलेक्ट करने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर में पहुंचने वाले लोगों के लिए पार्किंग व्यवस्था निशुल्क रखी गई है। जिला अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि रक्तदान के समय रक्तदाताओं की जो निःशुल्क जांच की जाती है, उनका उद्देश्य रक्तदाता और रक्त लेने वाला सुरक्षित रहे। रक्तदान से पहले हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, वजन, नाड़ी, एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी, सिफलिस, मलेरिया जांच, ब्लड ग्रुप एवं आरएच फैक्टर की जांच की जाएगी। वजन के अनुसार स्वस्थ शरीर मे 5 से 6 लीटर खून होता है। रक्तदाता को एक बार में केवल 350 एमएल ही



रक्तदान करना होता है। पुराना रक्त निकल जाने के बाद तेजी से नए ब्लड सेल्स बनते हैं, जिससे शरीर मे स्फूर्ति आती है और नई ऊर्जा का संचार होता है। बार-बार रक्तदान करने से खून पतला होता है, जिससे हार्ट अटैक की संभावना बिल्कुल कम हो जाती हैष खराब कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती है। रोग प्रतिरोधक क्षमता की बढ़ोतरी होती है। रक्तदान करने से आत्मिक संतुष्टि तो मिलता ही है। साथ ही साथ ही स्वंम में गौरवांवित महसूस होता है। हमारे एक बार रक्तदान करने से लभगभ 4 लोगो का जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान हर 3 माह में एक बार कर सकते है।

**जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ने आगामी परीक्षाओं को देखते हुए लिया निर्णय**

# बोर्ड परीक्षाओं के चलते शिक्षकों से जुड़े सभी प्रशिक्षण स्थगित, एससीईआरटी का निर्देश पर ही हो पाएगी ट्रेनिंग

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की ओर से दुर्ग जिले में शिक्षकों के लिए विषयवार आयोजित होने वाले सभी प्रकार के प्रशिक्षण को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) दुर्ग के प्राचार्य पी सी मरकले ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए संचालक एससीईआरटी की ओर से उक्ताशय का निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि शासन की मंशानुरूप सभी प्रकार के प्रशिक्षण छुट्टी के दिनों में या कक्षा उपरान्त प्रशिक्षण दिए जाने है जिससे विद्यालयों की पढ़ाई किसी भी प्रकार से प्रभावित न हो। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन और समस्या समाधान क्षमता के विकास की बात कही गई है। इस परिप्रेक्ष्य में डाइट दुर्ग के तत्वाधान में आयोजित होने वाला ब्लूप्रिंट, प्रश्न पत्र निर्माण और शिक्षणशास्त्र आधारित प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। छात्रों में कौशल विकास हेतु यह आवश्यक है कि कक्षा में उन्हें चुनौती प्रदान की जाए जिससे उनमें उच्च कोटि चिंतन कौशलों का विकास हो। छात्रों में इन कौशलों के विकास हेतु ये अति आवश्यक है कि प्रश्नपत्र संतुलित हो। प्रश्नपत्र के निर्माण में ब्लूप्रिंट महत्वपूर्ण होता है।



### प्रशिक्षण के माध्यम से दी जा रही नई शिक्षा नीति की जानकारी

ब्लूप्रिंट में आए बदलाव को शिक्षकों तक पहुंचाने हेतु प्रशिक्षण अति आवश्यक है। इन्हीं बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए डाइट द्वारा प्रशिक्षण दिया जाना था। नई शिक्षा नीति शैक्षिक संरचना के अनुरूप शैक्षिक रणनीतियों को शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में शामिल करने पर बल देती है।आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में विज्ञान और गणित विषय में बच्चों को वर्तमान संदर्भ के अनुरूप विकास के लिए नई तकनीक देने पर भी सुझाव दिए जाने थे। ब्लू प्रिंट पर आधारित प्रशिक्षण वास्तव में शिक्षकों के लिए बहुत उपयोगी है।

### डीआरजी एवं बीआरजी का प्रशिक्षण हो चुका पूरा

प्राचार्य पी सी मरकले ने बताया कि आने वाले दिनों में यह प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। अभी अगले महीने में 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित होगी, जो कि बच्चों और अध्यापकों दोनों के लिए महत्वपूर्ण समय है। इस समय शिक्षक महत्वपूर्ण टॉपिकों पर बच्चों से चर्चा के साथ अभ्यास कराएंगे और प्रश्नों को हल करने का तरीका बताएंगे। नोडल सत्येन्द्र शर्मा ने प्रशिक्षण के संदर्भ में बताया कि डाइट के सभी संकाय सदस्यों द्वारा अपनी अपनी पूर्ण तैयारी कर ली गई है। डीआरजी एवं बीआरजी का प्रशिक्षण हो चुका है। परिषद का आदेश मिलते ही आगामी प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 29 से 31 जनवरी तक

**दुर्ग।** शासन द्वारा जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु विशेष पहल की जा रही है। प्रदेश के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा आगामी 29, 30 और 31 जनवरी को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उपसंचालक से मिली जानकारी के अनुसार इस आयोजन के माध्यम से निजी क्षेत्र के तकनीकी और गैर-तकनीकी श्रेणी के लगभग 15,000 रिक्त पदों पर चयन हेतु साक्षात्कार लिए जाएंगे। विशेष रूप से दुर्ग जिले के आवेदकों के लिए विभाग द्वारा 30 जनवरी 2026, दिन शुक्रवार की तिथि निर्धारित की गई है। मेले में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन पोर्टल erojgar.cg.gov.in पर अपना रोजगार पंजीयन तथा रोजगार मेला हेतु पंजीयन कराना अनिवार्य है। जिन आवेदकों ने अब तक पोर्टल पर पंजीयन नहीं कराया है, वे तत्काल अपनी प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। पंजीकृत आवेदक 30 जनवरी को अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता के मूल दस्तावेज, पासपोर्ट साइज फोटो, पहचान पत्र और अनुभव प्रमाण पत्र के साथ रायपुर स्थित निर्धारित स्थल पर उपस्थित हो सकते हैं। इस संबंध में किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग से संपर्क किया जा सकता है।

**समाज इवेंट**

## बसंत पंचमी पर ब्रजमंडल में विग्रहों की साज-सज्जा कल



**भिलाई।** ब्रजमंडल भिलाई की कार्यकारिणी समिति की बैठक गीता भवन सेक्टर 6 के सभागार में हुई। अध्यक्षता राकेश कुमार यदुवंशी ने की। महासचिव सूरज मंगला ने बताया कि इस वर्ष ब्रजमंडल भिलाई अपना 61 वां स्थापना दिवस 23 जनवरी शुक्रवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर परंपरागत रूप से एवं हर्षोल्लास के साथ मनाएगा। इस अवसर पर सुबह 8 बजे राधा कृष्ण मंदिर में भगवान के विग्रहों की विशेष साज-सज्जा की जाएगी। भगवान राधा कृष्ण का महाभिषेक पंडित सरजू प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। सुबह 10 बजे सर्वजन हिताय विश्व कल्याणार्थ यज्ञ किया जाएगा।सुबह 11 बजे महाआरती के पश्चात सभागार में आमंत्रित अतिथियों का स्वागत, अतिथियों द्वारा सरस्वती माता के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मंचपूजन किया जाएगा। तदुपरांत विद्या की देवी सरस्वती वंदना पर बालिकाओं द्वारा नृत्य प्रस्तुति सरस्वती पूजा के अवसर पर दो वर्ष से अधिक छोटे बच्चों के लिए विद्या आरंभ संस्कार का विशेष कार्यक्रम होगा। संस्था के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ संरक्षक सदस्य अतवीर सिंह राघव, उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता एवं भावना तोमर, अनिल कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष विरेन्द्र कुमार शर्मा, हरीश कुमार गुहे, प्रदीप वर्मा, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, राजकुमार वर्मा, अखिलेश त्रिपाठी, अनिल गुप्ता, कुलदीप कुमार, पंडित सरजू प्रसाद द्विवेदी, शील कुमार राघव एवं राजेश शर्मा सहित कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

**धर्म लाइव**

## लोक कला, लोक परंपरा, रीति रिवाज और 36 गढ़ की झांकियां हैं अलौकिक



**भिलाई।** लोकमया के संचालक अध्यक्ष महेश वर्मा, लोकधारा के संचालक अध्यक्ष राजेंद्र साहू राज्य शैक्षिक अनुसंधान रायपुर में सहायक वाचन क्लास 3 एवं क्लास 5 के लिए लेखन शाला में लेखन का कार्य कर रहे हैं। दोनों छत्तीसगढ़ के उम्दा कलाकार हैं।

- हास्य प्रहसन लेखन गीत लेखन मंच संचालन एवं नृत्य निर्देशन के धुरंधर हैं कलाकार

महेश वर्मा को हास्य प्रहसन लेखन गीत लेखन मंच संचालन एवं नृत्य निर्देशन के धुरंधर कलाकार माने जाते हैं। दोनों ने कई ऐसी टेली फिल्म लिखी है जो आज भी चर्चा के विषय में है। राजेंद्र साहू जो रामायण मंच संचालन मंच संचालन एवं लोकगीत गाने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने पद्मश्री कैलाश खेर के साथ दो माह मुंबई में रहकर गायकी के गुरु सिखे हैं। लोकमया एवं लोकधारा आज निरंतर छत्तीसगढ़ में प्रस्तुति दे रहे हैं। मेला मड़ाई तीज त्यौहार के पावन अवसर पर उनकी प्रस्तुति को लोग सराह रहे हैं, क्योंकि इस प्रस्तुति में छत्तीसगढ़ की लोक कला लोक परंपरा रीति रिवाज एवं 36 गढ़ की झांकी जो प्रस्तुत करते हैं, वह अलौकिक है। इसके टीम में लोक बयार के संचालक अध्यक्ष गंगा प्रसाद साहू गायकी करते हैं एवं लोकमया और लोकधारा के ड्रेस डिजाइनर भी गंगा प्रसाद साहू है। कला पक्ष को गंगा प्रसाद साहू देखते हैं, ऐसे तीनों की तिकड़ी इतनी अच्छी छत्तीसगढ़ में प्रस्तुति दे रहे हैं कि एक अद्भुत प्रस्तुति के लिए जाने जाते हैं। अभी राज्य शैक्षिक के अनुसंधान रायपुर में लेखन के कार्यशाला में दोनों महेश और राजेंद्र व्यस्त है।

**समाज इवेंट**

## अल मदद सोसाइटी की पहल पर युवाओं ने किया रक्तदान



**भिलाई।** अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में लाइफ केयर ब्लड बैंक के द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ ग्रंथालय सेक्टर-7 में किया गया। प्रमुख रूप से रक्तदान करने वालों में सैयद जमशेद अली, आरिफ खान, फारुक शेख, शाहिद शेख, फहीम शेख, आसिम अंसारी, सगीर खान, सैयद सकलैन और जाहिद इमरान अमनदीप सहित अन्य शामिल हैं। सोसाइटी की तरफ सभी रक्तदाताओं का सम्मान किया गया। शिविर के आयोजन में अशरफ अली और अल मदद सोसाइटी की सेक्रेटरी कौसर खान का विशेष सहयोग रहा। इस शिविर में अल मदद सोसाइटी की अध्यक्ष अंजुम अली के साथ सदस्य शबाना सिद्दीकी, शम्सुन निसा, रुखसाना अली, समीना खान. कैसर इकबाल. रख्शंदा अंजुम, गुलफिशां रानी, जुल्फी, फरीदा अली, शिरीन, शाहीन खान, आलिया यास्मीन, दिलशाद, लीना तज़मीन,सायरा, आयशा और नीलोफर आदि ने विशिष्ट योगदान दिया।

**आईआईटी भिलाई के लिबरल आर्ट्स विभाग द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन**

# देश-दुनिया से आए प्रोफेसर जुटे राष्ट्रीय सम्मेलन में, महिलाओं की लीडरशिप वाली ऐतिहासिक घटनाओं पर किया मंथन

**भिलाई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के लिबरल आर्ट्स विभाग ने नालंदा लेक्चर हॉल में जेंडर मोडालिटीस ऑफ रेमेम्बेरिंग इन साउथ एशिएन लिटरेचर विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। आयोजन ने भारत के विश्वविद्यालयों के संकाय सदस्यों और शोध विद्वानों को दक्षिण एशियाई सांस्कृतिक और साहित्यिक संदर्भों में लिंग और सन्निहित अभ्यास के रूप में स्मृति की खोज पर अपने शोध को साझा करने के लिए एक साथ लाया। सम्मेलन की शुरुआत जामिया मिलिया इस्लामिया की प्रोफेसर सिमी मल्होत्रा के एक मुख्य व्याख्यान के साथ हुई, जिसका शीर्षक था भारत में महिला आंदोलनों की दो शताब्दियों को याद करना, स्मृति और नारीवादी इतिहास लेखन की पुनर्विचार। व्याख्यान में स्मृति के लेंस के माध्यम से नारीवादी इतिहास लेखन की जांच की गई, दो शताब्दियों में महिलाओं के आंदोलनों की खोज की गई और दक्षिण एशिया में लैंगिक इतिहास को सुनाने में एक महत्वपूर्ण अभ्यास के रूप में याद किया गया। सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरुआत सेंट मीरा कॉलेज फॉर गर्ल्स पुणे के वाइस प्रिंसिपल डॉ. स्नोबर सतारावाला के मुख्य भाषण के साथ हुई, जिसका शीर्षक रिमेम्बरिंग द मार्जिन: जेंडर, माइनॉरिटी मेमोरी, एंड द पॉलिटिक्स ऑफ रिप्रेजेंटेशन इन साउथ एशियन लिटरेचर रहा। उन्होंने यह पता लगाने के लिए व्यापक सिनेमाई, पाठ्य और मौखिक आख्यानों को आकर्षित किया कि अल्पसंख्यक समुदायों को कैसे याद किया जाता है या मिटाया जाता है, हाशिए के इतिहास और याद रखने के विभिन्न तरीकों को पुनर्प्राप्त करने में साहित्य की भूमिका को रेखांकित करता है।







### सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं को लेकर भी मंथन


सम्मेलन स्मृति की डायजेटिक और स्थानीय भाषा की अभिव्यक्तियों पर एक पैनल के साथ संपन्न हुआ, जिसने वैकल्पिक निमोनिक रिपॉजिटरी की खोज की जो याद रखने के प्रमुख, पाठ-केंद्रित रूपों को चुनौती देते हैं। सामूहिक रूप से, इन पैनलों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे लैंगिक स्मृति अवतार, प्रभाव, सामाजिक-सांस्कृतिक पदानुक्रम और कथा रूप जैसे कारकों द्वारा आकार दिए गए एक सक्रिय अभ्यास के रूप में कार्य करती है। सम्मेलन में हाशिए पर रहने वाली आवाज़ों को बढ़ाने और दक्षिण एशिया में स्मरण के प्रमुख तरीकों को चुनौती देने वाले प्रति-आख्यान बनाने में साहित्य और सांस्कृतिक ग्रंथों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

### विषयगत पैनलों के माध्यम से हुई अकादमिक चर्चा

पूरे सम्मेलन में पांच विषयगत पैनलों में अकादमिक चर्चा हुई। उद्घाटन पैनल ने लैंगिक आवाज और स्वदेशी सौंदर्यशास्त्र पर ध्यान केंद्रित किया, लोक और आदिवासी कला प्रथाओं को स्मृति के सन्निहित और जीवित अभिलेखागार के रूप में जांचा। इसके बाद हिंसा के लैंगिक प्रति-आख्यानों पर एक पैनल का आयोजन किया गया, जिसने जांच की कि साहित्यिक और सांस्कृतिक ग्रंथ आधिकारिक इतिहास लेखन से परे जाने वाले तरीकों से अस्तित्व, प्रतिरोध और भावात्मक स्मृति को कैसे व्यक्त करते हैं। बाद की चर्चाएं भेद्यता, जाति और पहचान के सवालों पर केंद्रित हो गईं, तीसरे पैनल ने साहित्यिक साक्ष्यों और कथात्मक स्मृति में जाति और लिंग के प्रतिच्छेदन पर प्रकाश डाला। चौथे पैनल ने रिश्तेदारी, घरेलूता और राष्ट्रीय स्मृति को ध्यान में लाया, मातृ विरासत, रोजमर्रा के स्थानों और कर्तव्य की लैंगिक धारणाओं का विश्लेषण किया।

**प्रतिभाओं के विकास के लिए कार्यक्रम**

## आर्ट्स क्लब द्वारा सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन



**दुर्ग।** आर्ट्स क्लब युवा प्रतिभा सृजन एवं अभिव्यक्ति मंच द्वारा विद्यार्थियों में सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रतिभाओं के विकास के लिए महाविद्यालय परिसर में एक संयुक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी अंतर्निहित प्रतिभाओं के प्रदर्शन हेतु उपयुक्त मंच प्रदान करना तथा उनमें आत्मविश्वास एवं सृजनात्मक सोच का विकास करना था। प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मर्सी जॉर्ज के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत सुभाषचंद्र बोस हाउस द्वारा प्रस्तुत समूह गान से हुई। चंद्रशेखर आजाद हाउस द्वारा सूफियाना समूह गायन प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में चंद्रशेखर आजाद हाउस द्वारा एक सामाजिक विषय पर आधारित नाटक (स्किट) की प्रस्तुति की गई। विवेकानंद हाउस द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने आयोजन की गरिमा को और अधिक बढ़ाया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ डॉ अम्बरीश त्रिपाठी के संयोजन में विभिन्न रचनात्मक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इनमें स्किट, रंगोली, स्लोगन लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएँ वीर नारायण हॉल में आयोजित की गईं। विभिन्न हाउसों के विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने दर्शक के रूप में उपस्थित रहकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डॉ. मीना मान, डॉ. ज्योति धारकर एवं डॉ. अंशुमाला चन्दनगर उपस्थित रहीं। डॉ. ज्योति धारकर ने विद्यार्थियों को रचनात्मकता एवं निरंतर अभ्यास के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर आर्ट्स क्लब द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

**बाजे-गाजे के साथ स्वागत**

## बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में हेमचंद यूनिवर्सिटी ने जीता खिताब



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के बास्केटबॉल खिलाड़ियों और टीम मैनेजर का बाजे गाजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप, सहायक कुलसचिव हिमांशु शेखर मंडावी, संचालक डॉ. दिनेश कुमार नामदेव, क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे, अजय लांजेवार, मधु यादव और खिलाड़ियों के परिजन मौजूद थे। ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप का आयोजन 15 से 19 जनवरी तक दीनदयाल गोरखपुर यूनिवर्सिटी उत्तरप्रदेश में आयोजित किया गया। इस आयोजन में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग कि टीम नें संत गुरु गहिरा यूनिवर्सिटी सरगुजा को 36-26 से हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। पूरी टीम के प्रदर्शन को सराहा गया। साथ ही भविष्य में प्रतियोगिता में ऐसी जीत दोहराने की कामना की गई।

**टीम का स्टेशन में हुआ स्वागत**

**तीन जिलों से पहुंची कॉलेजों की खो-खो टीमें, प्लेयर्स ने दिखाया दम**

# सेक्टर स्तरीय टूर्नामेंट में 8 कॉलेज से पहुंचे प्लेयर्स स्टेट के लिए बनी टीम, अंबागढ़ चौकी में लेंगे भाग

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा खो-खो टूर्नामेंट का आयोजन स्पोर्ट्स हब भिलाई में किया गया। सेक्टर-7 स्थित कल्याण पीजी कॉलेज में दुर्ग सेक्टर लेवल बॉयज खो-खो टूर्नामेंट में तीन जिलों की टीमों ने भाग लिया। यहां पहले कॉलेजों की टीमों के बीच टक्कर हुई। उसके बाद स्टेट लेवल टूर्नामेंट के लिए दुर्ग सेक्टर की टीम का सलेक्शन भी किया गया। मुख्य अतिथि भिलाई निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने प्लेयर्स को मोटिवेट किया। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन का स्मरण किया। साथ ही अपने जीवन के कई प्रेरणास्पद संस्मरणों से बच्चों को हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया।



### चार दशक से इंटर कालेज क्रिकेट टूर्नामेंट में कल्याण की टीम का रहा दबदबा

टूर्नामेंट में कॉलेज के स्पोर्ट्स ऑफिसर भुनेश्वर साहू, सीनियर प्रोफेसर डॉ.सलीम अकील, सीनियर स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ.ईश्वर सिंह बरगाह, मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के हेड डॉ.हरीश कश्यप और जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर अंशुल तिवारी की सराहनीय और बेहद सक्रिय भूमिका रही। प्रिंसिपल डॉ.विनय शर्मा ने कॉलेज की उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कई वर्षों तक इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में कल्याण की टीम का ही दबदबा रहा। उन्होंने बताया कि लगभग चार दशक से कल्याण की टीम का क्रिकेट टूर्नामेंट में एकछत्र राज रहा। उन्होंने कहा कि परिणाम प्रतिकूल हो या फिर अनुकूल हो उससे कहीं ज्यादा यह मायने रखता है कि आपने मेहनत कितनी की है। कार्यक्रम में डॉ. लखन चौधरी, डॉ.सलीम अकील, डॉ. ईश्वर सिंह बरगाह, डॉ. गुणवंत चंद्रौल, डॉ. अनुराग पाण्डेय, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. केएन दिनेश, डॉ.हरीश कश्यप, डॉ. पापा राव, अंशुल तिवारी, अमित अग्रवाल, जितेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### आठ टीमों ने दिखाया दम

इस टूर्नामेंट में तीन जिलों से आठ टीमें पहुंची थी। इसमें मेजबान कल्याण कॉलेज, उतई कॉलेज, साइंस कॉलेज दुर्ग, गवर्नमेंट कॉलेज बालोद, गवर्नमेंट कॉलेज नवागढ़, गवर्नमेंट कॉलेज बेमेतरा, गवर्नमेंट कॉलेज खेरथा और सुराना कॉलेज दुर्ग की टीम पहुंची थी। यहां इन टीमों के प्लेयर्स ने दमखम दिखाया। इस दौरान यूनिवर्सिटी के ऑब्जर्वर लक्ष्मेंद्र कुलदीप और सलेक्टर मनीष टोप्पो मौजूद रहे। जबकि विभिन्न महाविद्यालयों से वरिष्ठ क्रीड़ाधिकारी डॉ. नरेश धर दीवान, क्रीड़ाधिकारी डॉ. रमेश त्रिपाठी, दुर्गा प्रसाद जंघेल, भारती यादव, शिल्पा देवांगन और मणिशंकर उपस्थित रहे। स्टेट लेवल खो-खो टूर्नामेंट में दुर्ग का प्रतिनिधित्व करेगी। स्टेट लेवल टूर्नामेंट गवर्नमेंट एलसीएस पीजी कॉलेज, अंबागढ़ चौकी में किया जा रहा है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ का सीनियर म्यूथाई दल हैदराबाद रवाना



**रायपुर।** 7वीं सीनियर राष्ट्रीय म्यूथाई चैंपियनशिप का आयोजन 22 से 25 जनवरी तक एस एस कन्वेंशन सेन्टर, शम्शाबाद, एयरपोर्ट रोड, हैदराबाद (तेलंगाना) में किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई संस्था आईएफएमए की भारतीय इकाई यूनाइटेड म्यूथाई एसोसिएशन - इण्डिया ( यूएमएआई) के तत्वावधान में तेलंगाना एमेच्योर म्यूथाई एसोसिएशन की ओर से होने वाली इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का 17 सदस्यीय दल हिस्सा लेगा। छत्तीसगढ़ म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू एवं महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि टीम मे 04 महिला और 08 पुरूष खिलाड़ी, राष्ट्रीय चैंपियनशिप में टेक्निकल टीम में 02 निर्णायकगण और राष्ट्रीय फेडरेशन के 03 अधिकारी शामिल है। उन्होंने आगे बताया कि 18 वर्ष के ऊपर के आयु वर्ग में आयोजित हो रही उक्त सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर दिसंबर 2026 में आयोजित अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई चैंपियनशिप और एशियन इनडोर एवं मार्शल आर्ट्स गेम्स तथा वर्ष 2027 में मेघालय में होने वाले राष्ट्रीय खेल के लिए पात्र खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ म्यूथाई दल महिला में दिव्या अग्रवाल, डॉली वर्मा (दोनो विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी रायपुर), वाणी (बालोद) एवं टिकेश्वरी साहू (खेल एवँ युवा कल्याण विभाग, दंतेवाड़ा) पुरुष- आर्यन पटेल, विद्या कुमार सोनी, अमरजीत सिंह, शुभम कुमार निषाद, जय कुमार, पारस सावरकर, अनुभव राय एवं प्रवीण साहू (सभी रायपुर)शामिल हैं। इनमें 10 खिलाड़ी विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी रायपुर के है जिसके संचालक अमन यादव है। निर्णायक में हरबंश कौर एवं प्रणव शंकर साहू (दोनो बालोद) राष्ट्रीय अधिकारी लखन कुमार साहू (बालोद), अनीस मेमन (रायपुर) और अमन यादव (रायपुर) शामिल हैं।

### जाखड़ पर्यवेक्षक नियुक्त



**भिलाई।** भारतीय वॉलीबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित 37वीं फेडरेशन कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सहीराम जाखड़ को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। यह उनके खेल अनुभव और वॉलीबॉल के प्रति समर्पण का सम्मान है। भारतीय वॉलीबॉल संघ ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी छत्तीसगढ़ वॉलीबॉल संघ को सौंपी है। प्रतियोगिता का आयोजन 3 फरवरी से 8 फरवरी तक किया जाएगा। इसमें देश की सर्वश्रेष्ठ 8 महिला एवं 8 पुरुष टीमें हिस्सा लेंगी। यह मुकाबले बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में खेले जाएंगे, जहाँ खिलाड़ियों को उत्कृष्ट सुविधाएँ और दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने का अवसर मिलेगा। यह प्रतियोगिता भारतीय वॉलीबॉल के स्तर को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### अंडर-19 एलिट ग्रुप के सेमीफाइनल मुकाबले आज से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के चार दिवसीय सेमीफाइनल मैच 22 जनवरी से प्रारंभ हो रहे हैं। पहला सेमीफाइनल मैच धमतरी में रायपुर ब्लू विरुद्ध दुर्ग दूसरा सेमीफाइनल मैच न्यू ग्राउंड कांकेर में रायपुर विरुद्ध बिलासपुर होगा।

### वेस्ट जोन सॉफ्ट टेनिस में छत्तीसगढ़ को जूनियर एकल में स्वर्ण पदक



**रायपुर।** अस्मिता लीग वेस्ट जोन सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में तीसरे दिन बुधवार को सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के सिंगल डबल्स के मैच खेले गए। निर्णायक गौरव, प्रीति प्रधान, रीमा राय, खिरमन तांडी, संजय तांडी थे। इससे पहले 20 जनवरी को खेले गए मुकाबले के परिणाम में एकल मुकाबले में गुजरात के खनक ने छत्तीसगढ़ की राधिका को 3-0 से पराजित किया। मध्य प्रदेश गुजरात के संघर्ष पूर्ण मैच में गुजरात ट्राईब्रेक में जीता। अगले मुकाबले में छत्तीसगढ़ की नंदिनी ने मध्य प्रदेश के अंजनी को 3-0 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। गुजरात और मध्य प्रदेश ने अपना मैच जीत कर अगले दोर प्रवेश किया। छत्तीसगढ़ की नंदिनी ने गुजरात के खिलाड़ी को पराजित कर क्वार्टर फ़ाइनल में प्रवेश किया। मध्य प्रदेश टीम ने एकतरफ मुकाबले में राजस्थान को पराजित किया। गुजरात ने गोवा को परास्त कर क्वार्टर फ़ाइनल अपना स्थान सुनिचित किया। जूनियर वर्ग में एकल फाइनल में छत्तीसगढ़ के चंचल सारथी ने एमपी के खिलाड़ी को ट्राइब्रेक में पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। रजत पदक एमपी के चारवी तथा कांस्य पदक प्रिया वदा एमपी एवं रिया छत्तीसगढ़ ने प्राप्त किया। सब जूनियर सिंगल्स में प्रथम सेमीफाइनल

## आम होती जा रही घुटने के दर्द की समस्या से निजात पाना जरूरी

# घुटनों में दर्द के कारण चलना-फिरना हो गया है मुश्किल तो आराम पाने करें कुछ जरूरी उपाय

अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त होने से भी आपके घुटने के जोड़ों पर तनाव बढ़ जाता है, इसके कारण सामान्य गतिविधियों जैसे चलने या सीढ़ियां चढ़ने तक में भी कठिनाई होती है। इसके अलावा शारीरिक निष्क्रियता भी घुटने के दर्द की समस्या को बढ़ाने वाली हो सकती है।

घुटने और जोड़ों के दर्द की समस्या आम होती जा रही है। पहले ये अक्सर बुजुर्गों में देखी जाती थी पर जिस तरह से लोगों की लाइफस्टाइल खराब हो गई है, युवाओं में भी जोड़ों की समस्याएं काफी बढ़ गई है। ऑफिस में लंबे समय तक बैठकर काम करना, अधिक वजन और शारीरिक गतिविधियों में कमी के चलते बड़ी संख्या में लोग दर्द से परेशान देखे जा रहे हैं। घुटना हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण जोड़ होता है, जो चलने, उठने-बैठने, सीढ़ियां चढ़ने और रोजमर्रा के कामों में मदद करता है। यही कारण है कि घुटनों में होने वाली किसी भी समस्या का असर पूरे शरीर पर पड़ सकता है। समय रहते इसके कारणों को समझना और सही इलाज करना जरूरी है। इसे अगर नजरअंदाज कर दिया जाए तो सर्जरी तक की नौबत आ सकती है।

घुटने और जोड़ों के दर्द का सबसे बड़ा कारण



ऑस्टियोआर्थराइटिस है, इसमें समय के साथ जोड़ों की कार्टिलेज घिसने लगती है। इस तरह की दिक्कतों से बचे रहने के लिए कम उम्र से ही सतर्क हो जाना चाहिए।

### पूरे शरीर पर हो सकता है असर

घुटनों का दर्द पूरे शरीर को प्रभावित कर सकता है। दर्द के कारण चलना-फिरना कम हो जाता है, जिससे मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। शारीरिक गतिविधि घटने से वजन बढ़ता है और हृदय, शुगर व ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। घुटने में होने वाला दर्द वैसे तो गंभीर नहीं होता लेकिन चोट, ऑस्टियोआर्थराइटिस, जोड़ों में तनाव आदि का अगर समय रहते इलाज न किया जाए तो इसके गंभीर रूप लेने का खतरा हो सकता है। अब सवाल ये है कि क्या उपाय किए जाएं कि घुटनों की समस्या दूर रहे?

### घुटनों की समस्या से बचाव के लिए व्यायाम जरूरी



नियमित व्यायाम की आदत आपके घुटने की समस्याओं को कम करने में मददगार हो सकती है। स्ट्रेंथ ट्रेनिंग व्यायाम, क्वाड्रिसेप्स और हैमस्ट्रिंग की मांसपेशियों को केंद्रित करती है, जिससे दर्द को कम करने में मदद मिल सकती है। शरीर के सक्रिय रहने से वजन को नियंत्रित करने और मांसपेशियों को स्वस्थ रखने में मदद मिलती है, इससे भी घुटनों को स्वस्थ रखा जा सकता है। गठिया जैसी समस्याओं से बचाने में भी व्यायाम की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### सूजन कम करने वाले आहार का करें सेवन

ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर आहार जैसे अखरोट,



अलसी और मछली सूजन कम करने में मदद करते हैं। वहीं कैल्शियम और विटामिन-डी हड्डियों को मजबूत बनाते हैं। इससे भरपूर चीजों को नियमित रूप से आहार का हिस्सा बनाएं। ये पोषक तत्व शरीर को स्वस्थ रखने के साथ घुटनों की दिक्कतों को भी कम करते हैं। इसके अलावा प्रोसेस्ड फूड और ज्यादा नमक-सुगर सूजन बढ़ा सकते हैं, इसलिए इनसे बचना चाहिए।

### वजन को रखें कंट्रोल

शरीर का अधिक वजन, घुटने के दर्द को बढ़ाने वाला हो सकता है। यह गठिया के भी कारणों में से एक है। वजन अधिक होने से जोड़ों पर दबाव बढ़ता है जिससे वहां की मांसपेशियां प्रभावित हो सकती हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि अगर नियमित व्यायाम किया जाए तो यह वजन को कंट्रोल में रखने और आर्थराइटिस के खतरे को कम करने में मदद कर सकती है। अक्सर हम सभी ध्यान नहीं देते हैं पर खराब क्वालिटी के जूते, ऊंची एड़ी वाली सैंडिल भी जोड़ों और घुटनों में समस्याओं का कारण बन सकती हैं। इसलिए अच्छे और आरामदायक जूते पहनें।

## छत्तीसगढ़ के एथलीट नेशनल क्रॉस कंट्री में



**रायपुर।** 60 वीं ओपन नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2026 का आयोजन झारखंड रांची के प्रभात तारा मैदान इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक 23 और 24 जनवरी को किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की एथलेटिक्स टीम 22 जनवरी को रवाना होगी। इस टीम में उभरते हुए बेहतरीन क्रॉस कंट्री खिलाड़ी छत्तीसगढ़ के लिए अर्थात देश के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। वरिष्ठ चयनकर्ता टीम के अध्यक्ष आर. के .पिल्लई और अन्य चयनकर्ता पांच सदस्य रवि शंकर धनगर रायपुर, डॉक्टर मेजर सिंह दुर्ग, गुरमीत अटवाल बिलासपुर, अरुण कुमार पाल बेमेतरा और ऋषि देव सिंह कोंडागांव थे। जूनियर चयनकर्ता टीम के अध्यक्ष सुरेश कुमार और उनकी टीम पांच चयनकर्ता चारु लता गजपाल महासमुंद, नागेंद्र कुमार सिंह पेंड्रा, नरेंद्र कुमार मेश्राम नारायणपुर, के.निवास दुर्ग, नरेश कुमार कुशवाहा सूरजपुर थे। इस छत्तीसगढ़ क्रॉस कंट्री टीम में वरिष्ठ पुरुष टीम के अंतर्गत कौशलेंद्र और परवेज राजनांदगांव, मनीष कुमार और रवि बिलासपुर , विवेक प्रसाद दुर्ग और भूपेंद्र बलौदाबाजार, वरिष्ठ महिला टीम में रुक्मणी साहू और छविता दुर्ग, निशा साहू, साक्षी यादव और रोशनी यादव राजनांदगांव और भावना बालोद शामिल हैं। 20 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक सौरभ पाल जयपुर, मुकेश पाल बीजापुर , मोहम्मद



वसीम और हर्ष साहू दुर्ग , तुषार राजनंदगांव और सुमन बालोद, 20 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिका प्रज्ञा राजवाड़े सूरजपुर, लिकेश्वरी तराम कांकेर , आंचल साहू और रिया यादव दुर्ग, नीतू कुमार चेता न बिलासपुर और हिमेश्वरी साहू राजनांदगांव शामिल हैं।

इसी तरह 18 वर्ष से कम आयू वर्ग के बालक में कृष कुमार वर्मा राजनांदगांव और अरुण सूरजपुर 18 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिका पूजा वचाम और कुमारी विनीता बीजापुर, 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक समीर कश्यप और पीयूष यादव बिलासपुर और और 16 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिका टीम में संतोषी बीजापुर और भूमि दुर्ग सहित सभी 32 खिलाड़ी और 8 अधिकारी शामिल होंगे। इनमे कामता प्रसाद यादव, पुकेश्वर लाल राजनांदगांव , संदीप कुमार बीजापुर, आंचल भगत जयपुर, अदिति मुंगेली, श्रीनिवास बिलासपुर और बालमती शामिल हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष ओलिम्पिक संघ विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह,उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, महासचिव छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया, पुरंदर मिश्रा विधायक रायपुर मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ, अमर अग्रवाल बिलासपुर विधायक, धर्मजीत सिंह विधायक तखतपुर, अटल श्रीवास्तव कोटा विधायक, सुशांत शुक्ला बेलतरा विधायक, यशवंत कुमार सचिव खेल एवं युवा कल्याण , रजनीश सिंह, संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग तनुजा सलाम, आई. जी. डॉ॰ संजीव शुक्ला, कलेक्टर संजय कुमार अग्रवाल , पुलिस अधिक्षक रजनेश सिंह, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ अवधेश कुमार त्रिवेदी, जसविन्दर सिंह भाटिया (द्रोणाचार्य अवार्डी), विजय केसरवानी , सुरेश क्रिस्टोफर, पी. जी. कृष्णनन, सुशील कुमार मिश्रा, ए. एक्का, महासचिव छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ अमरनाथ सिंह, आर. के. पिल्लई, रणविजय प्रताप सिंह, विवेक कुमार शुक्ला, संजू कुमार डे, देवेंद्र कुमार राठौर, बलवीर सिंह, रवि शंकर धनगर, अनिल कुमार खोपरागड़े, रविद्र कुमार पटनायक, राजेश्वर राम भगत, हितेश कुमार यादव, आदित्य कुमार सिंह , सौरभ लूनिया, आलोक कुमार गुप्ता, चारुलता गजपाल, आदि ने इस छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स टीम बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए एवं शुभकामनाएं दी।



## पशिचम क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता में मेजबान छत्तीसगढ़ को भी खिताब




**रायपुर।** भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के तत्वावधान में रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय पश्चिम क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता 2025-26 का बुधवार को समापन हो गया। महालेखाकार आवासीय परिसर स्थित कम्युनिटी हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रधान महालेखाकार यशवंत कुमार ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। 19 जनवरी को शुरू हुए इस खेल महाकुंभ में पश्चिम क्षेत्र के 09 अलग-अलग कार्यालयों के 61 खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यालय प्रधान महालेखाकार, महाराष्ट्र (नागपुर) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा (केंद्रीय) मुंबई को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। पुरुष एकल वर्ग में भी नागपुर का दबदबा कायम रहा, जहाँ राजू भायसारे ने शुरुआती पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की और मुंबई के जीतेन्द्र काले को 12-15, 25-0, 25-06 के अंतर से शिकस्त देकर 'कैरम किंग' का खिताब जीता।

यशवंत कुमार, प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), छत्तीसगढ़ ने इस अवसर पर कहा कि हार-जीत से परे, सभी 09 टीमों के खिलाड़ियों ने जिस अनुशासन और ऊर्जा का परिचय दिया है, वह विभाग के लिए गौरव की बात है। महिला वर्ग के रोमांचक फाइनल मुकाबले में मुंबई की ऑड्रे मारिया डिसूजा ने मेजबान छत्तीसगढ़ की कविता विनय को एक संघर्षपूर्ण मैच में 18-25, 22-08, 15-10 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं, छत्तीसगढ़ के लिए खुशी का पल वेटरन संवर्ग में आया, जहाँ रायपुर के हेमराज बाबने ने राजस्थान के रहीसुद्दीन को 14-18, 23-20, 20-13 से पराजित कर घरेलू दर्शकों को जश्न मनाने का मौका दिया।

समापन समारोह के अवसर पर महालेखाकार मोहम्मद फैज़ान नय्यर और उपमहालेखाकार जी. एळिलरसी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए चीफ रैफरी शकील अख्तर और उनकी टीम की विशेष सराहना की गई। अंत में प्रधान महालेखाकार ने आयोजन के औपचारिक समापन की घोषणा की।

## राज्य पैरा एथलेटिक्स 28 से



**रायपुर।** पैरा एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के संयुक्त तत्वावधान में 16 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 जनवरी तक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय जोरा में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का प्रमुख उद्देश्य सभी दिव्यांग जनों के साथ में छुपी हुई प्रतिभाओं को उभारना है जो आगे चल कर देश के लिए रायपुर राजधानी सहित प्रदेश का नाम रोशन करें। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने बताया कि हमारा उद्देश्य हर वर्ग की प्रतिभा को आगे बढ़ाना है यह प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में आयोजित हो रही है। जैसे 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर 800 मीटर 1500 मीटर की दौड़ है। लॉंग जंप, ऊंची कूद, तवा फेंक, गोला फेंक और भाला फेंक सहित अन्य खेल का आयोजन किया जा रहा है। ट्रैक-11,12,13,40,41,42,44,45,47 और 54 ( दृष्टि बाधित व अस्थि बाधित) सहित सब जूनियर वर्ग 8 से 15 वर्ष, जूनियर वर्ग 15 से 20 वर्ष, सीनियर वर्ग 21 वर्ष से ऊपर वर्ग के दिव्यांग जन प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में 300 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। 50 अटेंडर, टीम मैनेजर 50, ऑफिशियल कोच और वालेंटियर सहित सुरक्षाकर्मी मौजूद रहेंगे। इस दौरान प्रतियोगिता के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, डिकेंस टंडन सचिव किशनलाल, विभीषण निषाद और हारून बेग सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे।

■ दिव्यांग जनों के साथ में छुपी हुई प्रतिभाओं को उभारना मुख्य लक्ष्य

कार्नर न्यूज

## समाज में अंक 13 को लेकर कई भ्रांतियां, इन्हें जानना जरूरी

# हमेशा से अशुभ नहीं माना जाता रहा है 13 का अंक, जानिए अब तक की धारणा

कई बार किसी नंबर के लिए हमारी कोई धारणा होती है और उसे हम सच मान लेते हैं। ऐसे ही 13 नंबर को लेकर कई भ्रांतियां हैं। आइए इसके बारे में विस्तार से जानें।

हमारे धर्म शास्त्रों में कई ऐसी बातें बताई गई हैं जिनका पालन जरूरी माना जाता है। ऐसे ही कई लोगों का मानना है कि 13 नंबर शुभ नहीं माना जाता है। दरअसल इसी मान्यता की वजह से आपने देखा होगा कि कई होटल में 13 नंबर का कमरा नहीं होता है, कई अपार्टमेंट में इस नंबर की फ्लोर नहीं होती है और लिफ्ट में 13 नंबर की बटन नहीं होती है।

दरअसल सदियों से इस नंबर को शुभ नहीं माना जाता है। लेकिन क्या ऐसा सच है कि नंबर 13 अशुभ है और इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए? क्या 13 नंबर के इस्तेमाल से आपको नुकसान हो सकते हैं?

क्या यह नंबर आपके जीवन में कई नकारात्मक बदलाव ला सकता है? इन सभी सवालों के जवाब जानने के लिए हमने ज्योतिषविद प्रद्युम्न सूरी से बात की। आइए उनसे जानें इसके पीछे की सच्चाई के बारे में जो शायद आपकी सोच भी बदल सकती है।




### क्या 13 नंबर अशुभ है?

अंक शास्त्र की मान्यताओं के अनुसार विभिन्न देशों में 13 अंक को लंबे समय से अशुभ माना जाता रहा है। हालांकि यदि हम इस नंबर के शुभ-अशुभ फलों की बात करें तो ऐसा कहना गलत है कि यह नंबर शुभ नहीं है।

हाल ही में अयोध्या के राम मंदिर में मूर्ति की प्राण- प्रतिष्ठा 22-01-2024 को की गई है। अगर हम अंक ज्योतिष की बात मानें तो प्राण-प्रतिष्ठा के दिन के सभी अंकों का योग 13 है। हालांकि इसका एकल अंक 4 मिलता है। ज्योतिषविद प्रद्युम्न सूरी के अनुसार, 22 जनवरी, 2024 को श्री राम मूर्ति के अभिषेक से एक दिलचस्प संख्यात्मक योग प्राप्त हुआ 2 + 2 + 1 + 2 + 0 + 2 + 4 = 13 प्राप्त हुआ है।

अयोध्या मंदिर में भगवान श्री राम की उपस्थिति से जुड़ी यह अनूठी गणना, संख्या 13 के पारंपरिक रूप से प्रचलित अशुभ अर्थों के लिए एक चुनौती है। हिंदू परंपरा में, संख्या 13 जिसे तरह कहा जाता है, इसका श्रेय पूरी तरह से भगवान राम को दिया जाता है, जो उनमें विश्वास की धारणा को मजबूत करता है।

### 13 नंबर का डर मनोविज्ञान से जुड़ा है

13 नंबर का डर, जिसे मनोविज्ञान में ट्रिस्काइडे फोबिया या थर्टीन डिजिट फोबिया के नाम से जाना जाता है, इसकी जड़ें पश्चिमी देशों में गहरी जड़ें जमा चुकी हैं। होटल में अक्सर कमरा नंबर 13 को छोड़ दिया जाता है और फ्रांस में डाइनिंग टेबल में बिल्कुल 13 सीटें रखने से बचते हैं।

चीन में भी 13 अंक को अशुभ माना जाता है, हालांकि इसके विशेष कारण स्पष्ट नहीं हैं। 13 से जुड़ा अंधविश्वास एक रात्रिभोज के दौरान यीशु मसीह के साथ विश्वासघात से जुड़ा हुआ भी है, जहां विश्वासघाती ने 13वीं कुर्सी पर कब्जा कर लिया था, जिससे संख्या से बड़े पैमाने पर परहेज किया गया था।

### हिंदू धर्म समेत अन्य धर्मों में 13 अंक का महत्व

हिंदू धर्म में, संख्या 13 किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद के अनुष्ठानों से जुड़ी हुई मानी जाती है। शास्त्रों में मान्यता है कि दाह संस्कार के बाद आत्मा 13 दिनों तक परिवार की गतिविधियों का निरीक्षण करती है। किसी की मृत्यु के 13वें दिन ब्राह्मण भोज और पिंडदान के साथ संस्कारों का समापन होता है, जिससे आत्मा को यमलोक की यात्रा में मदद मिलती है।

इसके विपरीत, जैन और सिख धर्म 13 को अशुभ नहीं माना जाता है। आचार्य भिक्षु द्वारा स्थापित जैन धर्म का 13-पथ और सिख धर्म में गुरु नानक देव जी का संदेश दोनों ही सकारात्मक दृष्टि से 13 के महत्व पर जोर देते हैं, जो इस प्रतीत होने वाले अशुभ अंक पर व्यापक परिप्रेक्ष्य को उजागर करते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 85 साल के अल पीचनो 53 साल छोटी नूर संग आए नजर, चर्चाओं का बाजार गर्म



दिग्गज एक्टर अल पचीनो और उनकी एक्स गर्लफ्रेंड नूर अल्फल्लाह को एक बार फिर साथ देखा गया है। दोनों साथ में डिनर करते हुए स्पॉट हुए हैं। इसके बाद से ही उनके रिश्ते की मौजूदा स्थिति के बारे में अटकलें लगने लगी हैं। 32 साल की नूर अल्फल्लाह दिग्गज एक्टर के बेटे की मां भी हैं। साल 2023 में नूर ने बेटे रोमन को जन्म दिया। लेकिन फिर दोनों की राहें अलग हो गईं।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस एक्स-कपल को बीते शुक्रवार की शाम वेस्ट हॉलीवुड के एक प्राइवेट मेंबर्स-ओनली क्लब, 'सैन विसेंट बंगलोज' के बाहर स्पॉट किया गया। यह दोनों की दो साल बाद पहली सार्वजनिक मुलाकात थी। इससे पहले रिश्ता टूटने के बाद दोनों ने आखिरी बार एक-दूसर को 'दोस्त' और बेटे रोमन का 'को-पैरेंट' बताया था।

हालांकि, तमाम चर्चाओं के बीच ना तो एक्टर अल पचीनो और ना ही प्रोड्यूसर नूर अल्फल्लाह की ओर से इस मुलाकात पर कोई टिप्पणी आई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जब दोनों की टीम से इस बाबत सवाल किया गया तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

बहरहाल, नूर अल्फल्लाह को एक काली ड्रेस के ऊपर एक डार्क ओवरकोट पहने देखा गया। जबकि 'द गॉडफादर' और 'सेंट ऑफ अ वुमन' एक्टर अल पचीनो एक डार्क ट्रेंच कोट, काली पैंट और स्नीकर्स में दिखे। जब वे दोनों क्लब से बाहर आए तो दोनों के चेहरे पर गंभीर भाव थे। दोनों एकसाथ चल रहे थे, लेकिन पपाराजी के कैमरों ने दोनों को बातचीत करते नहीं देखा।

### टॉलीवुड

## 'पुष्पा 2' हुई जापान में रिलीज, रश्मिका को फैंस से मिले ढेरों लेटर्स और गिफ्टस



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' के प्रमोशन के लिए जापान गए थे। यह फिल्म जापान में 16 जनवरी को रिलीज हुई। इस दौरान फैंस ने रश्मिका मंदाना को ढेर सारी चिट्ठियां और खूबसूरत तोहफे दिए। घर लौटने के बाद जब उन्होंने इन सभी तोहफों को देखा और चिट्ठियां पढ़ीं तो वह भावुक हो उठीं। साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' का डंका अभी भी बज रहा है। इस मूवी का 16 जनवरी को जापान में प्रीमियर हुआ। इस मौके पर एक्टर के साथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना भी नजर आईं। और उन्होंने इंस्टाग्राम पर वहां की कुछ झलकियां फैंस के साथ शेयर कीं। इसके साथ ही लंबा-चौड़ा एक कैप्शन भी लिखा। वहां के लोगों का आभार जताया। रश्मिका मंदाना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी एक फोटो पोस्ट की है, जहां वह टेबल पर रखे कई सारे लेटर्स को पढ़ रही हैं, जो उनके चाहनेवालों ने भेजे हैं। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'मैं एक दिन के लिए जापान गई थी और सिर्फ एक दिन में जितना भी प्यार मिला, वो दिल को छू लेने वाला था। मुझे यहां कई सारे लेटर्स और बहुत सारे गिफ्ट्स मिले। और मैंने वो सभी पढ़े। सभी गिफ्ट्स को घर ले आई। मैं बता नहीं सकती कि मैं ये सब देखकर मैं कितनी ज्यादा भावुक हो गई। इस प्यार के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया जापान। आई लव यू और मैं दोबारा आने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। लेकिन अगरी बार मैं लंबे वक्त के लिए आऊंगी। मैं वादा करती हूं। और मैं आपसे ये भी वादा करती हूं कि मैं जापान आने पर ज्यादा जापानी सीखने की कोशिश करूंगी।' इसके अलावा, राखा ने कुछ फोटोज और वीडियोज भी पोस्ट किए, जिसमें वह अल्लू अर्जुन समेत फिल्म के प्रोड्यूसर्स के साथ नजर आ रही हैं।

### भोजपुरी

## बहू का क्लेश तो बहुत देख लिया, अब मिलिए 'सास की सौतन' से



भोजपुरी सिनेमा में एक बार फिर फैमिली बेस्ड फिल्म आ गई है। सास की सौतन' का फर्स्ट लुक जारी होते ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। इसके पोस्टर में सारे कलाकार मस्त और गजब के दिखाई दे रहे हैं। भोजपुरी सिनेमा में एक बार फिर पारिवारिक रिश्तों, भावनाओं और टकराव को नए अंदाज में पेश करने जा रही फिल्म 'सास की सौतन'। इसका फर्स्ट लुक जारी होते ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। एसआरके म्यूजिक और शानवी म्यूजिक के बैनर तले बन रही इस फिल्म को रौशन सिंह प्रस्तुत कर रहे हैं। फर्स्ट लुक में रिश्तों की मुश्किल, सस्पेंस और ड्रामे की झलक साफ दिखाई देती है, जिसने दर्शकों की खुशी को और बढ़ा दिया है।

रौशन सिंह ने कहा कि 'सास की सौतन' एक पारिवारिक कहानी है, जो रिश्तों की मुश्किल और भावनात्मक टकराव को नए दृष्टिकोण से पेश करती है। उन्होंने बताया कि यह फिल्म सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज में बदलते पारिवारिक मूल्यों पर भी सोचने को मजबूर करेगी। रोशन सिंह के अनुसार, फिल्म की कहानी आम घर-परिवार से जुड़ी है, जिससे हर वर्ग का दर्शक खुद को इससे जोड़ पाएगा। मजबूत कहानी, दमदार अभिनय और मधुर संगीत इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्हें विश्वास है कि 'सास की सौतन' भोजपुरी सिनेमा में एक नई पहचान बनाएगी और दर्शकों का भरपूर प्यार पाएगी।




2026 में इंडियन फैशन कम्फर्ट, कॉन्शियस क्राफ्ट और इंडो-वेस्टर्न फ्यूजन की तरफ बदल रहा है। भारी, तंग कपड़ों से हटकर अब जंपसूट-साड़ी, स्नीकर्स के साथ आरामदायक कुर्ते और स्ट्रक्चर्ड एथनिक को-ऑर्ड्स जैसे वर्सेटाइल कपड़ों की पसंद बढ़ रही है। मुख्य ट्रेंड्स में सस्टेनेबिलिटी (हैंडलूम, नेचुरल डाई), टेक इंटीग्रेशन (एआर ट्राई-ऑन), हेरिटेज बुनाई को नए सिरे से पेश करना, और बोल्ड मैक्सिमलिज़्म के साथ शांत लग्ज़री का मिश्रण शामिल है। यह कारीगरों की तकनीकों और अपनाने लायक, 'पहनने योग्य कला' का जश्न है।

## फ्लोरल ब्रेड हेयर स्टाइल अनूठे ढंग से करें क्रिएट

अगर आप ब्रेड फ्लोरल हेयर स्टाइल क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए इस हैक्स को ट्राई करें इससे आसानी से ब्रेड बनकर तैयार हो जाएगी। इसके लिए सबसे पहले आपको आगे के बालों में सेक्शन कर उन्हें आगे सेट कर लेना है। अब जो पीछे के बाल हैं उनमें पफ क्रिएट करना है, इसके लिए बेस्ट है कि आप बैक कॉम्बिंग करें। इसके बाद पीछे के बालों को लेना है और ट्विस्ट कर सेट करना है। आप इसमें ब्रेड भी बना सकती हैं और छोटे-छोटे सेक्शन में सेट कर सकती हैं। फिर हेयर में बाउंस देने के लिए इन्हें खोलना शुरू कर देना है। इसके बाद इसमें पिन की मदद से फ्लावर सेट करने हैं। इस तरीके से आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा। अगर आपके बाल पतले हैं तो जो तरीका इसमें बताया गया है आप उसके हिसाब से ब्रेड (हेयर स्टाइल टिप्स) बनाएंगी, तो बालों में एक बाउंस क्रिएट होगा। जिससे वो हेल्दी और हैवी लगेंगे। इसके लिए पहले आपको पफ क्रिएट करना है। अब आपको बालों को ट्विस्ट करना है और रबर बैंड की मदद से चोटी बनाकर सेट करना है। फिर इसे अंदर की तरफ ट्विस्ट करना है। इसी तरीके से आपको सारे बालों को ट्विस्ट कर सेट करना है। इसके बाद इसे पिन से सेट करना है। इस बात का ध्यान रखें कि बालों में हैवी कर्ल जरूर क्रिएट करें, ताकि वो अच्छे लगे। अब इसमें फ्लावर सेट करना है, छोटे-छोटे हिस्से में।




आप पारंपरिक चोटी बनाकर उसमें बॉबी पिन से फूल लगा सकती हैं या फिर वॉटरफॉल ब्रेड (झरने जैसी चोटी) बनाकर उसके साथ छोटे फूलों का गजरा लगा सकती हैं। इसके लिए बालों को अच्छे से कंघी करें, फ्रेंच या डच ब्रेड बनाएं, और फिर धीरे-धीरे फूलों को पिनअप करें या चोटी के किनारों से लटकते हुए फूल लगाएं। जिससे एक यूनिक और खूबसूरत लुक मिलेगा, खासकर शादी-फंक्शन के लिए।

### सिंपल ब्रेड और फ्लावर एक्सेसरीज़

बाल तैयार करने अपने बालों को अच्छी तरह कंघी करें और उन्हें 3 बराबर हिस्सों में बांट लें। चोटी बनाने एक सामान्य फ्रेंच या डच ब्रेड (चोटी) बनाएं। जिसमें आप धीरे-धीरे नए बालों के सेक्शन लेती जाएं। फूल लगाएं इसके लिए चोटी पूरी होने के बाद, बॉबी पिन की मदद से छोटे-छोटे ताज़े फूल (जैसे मोगरा, गुलाब) चोटी के बीच में या किनारों पर लगाएं।आप इन्हें अलग-अलग दिशाओं में लगा सकती हैं ताकि यह और भी अनोखा दिखे।

## फ्लोरल अनारकली सूट के नए डिजाइंस करें ट्राई







सूट को स्टाइल करने से पहले जरूरी है कि आप फिटिंग का भी खास ध्यान रखें, इससे आपका लुक और अट्रैक्टिव लगता है। जब भी हम कोई सूट खरीदते हैं तो मार्केट में जाकर अच्छे-अच्छे डिजाइन सर्च करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम पहले से ही लेटेस्ट ट्रेंड को सर्च करके जाते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि कई सारे डिजाइन और पैटर्न होते हैं जो हमसे छूट जाते हैं। फ्लोरल अनारकली सूट डिजाइन भी उनमें से एक है, आजकल ये काफी ट्रेंड में है। इसमें आपको हर एक डिजाइन और कलर के सूट मिल जाएंगे, जिन्हें आप किसी भी बड़े या छोटे इवेंट में वियर कर सकती हैं। चलिए डालते हैं इन डिजाइंस पर नजर।

### गाउन स्टाइल फ्लोरल अनारकली सूट

अगर आपको किसी पार्टी या फिर घर के किसी फंक्शन में गाउन पहनने का मन है लेकिन एथनिक लुक भी क्रिएट करना है तो इसके लिए आप गाउन स्टाइल अनारकली को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको फ्लोरल प्रिंट जो आजकल काफी चल रहा है वो मिल जाएगा। इसकी खास बात ये होती है कि ये आपको लाइट और हैवी दोनों तरह के प्रिंट में मिल जाएंगे। कलर को आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीद सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर ये आपको 1000 से 2000 रुपये में मिलेगा।

### अनारकली सूट विद पैंट

घर में पूजा है तो इसके लिए आप इस फ्लोरल प्रिंट के अनारकली सूट को वियर कर सकती हैं। इसमें लुक काफी अच्छा लगता है। इस तरह के सूट में आपको शॉट अनारकली कुर्ती मिलेगी। जिसपर गोटा पट्टी वर्क होगा। इसके साथ सेम प्रिंट की पैंट और दुपट्टा सिंपल मिलेगा। इस तरह के अनारकली सूट को भी आप स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में ये आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएंगे।

## बैकलेस ब्लाउज को देना है स्टाइलिश लुक तो इन आसान टिप्स को करें फॉलो

साड़ी में स्टाइलिश दिखने के लिए ब्लाउज के डिजाइन को बॉडी टाइप और आउटफिट के कलर कॉम्बिनेशन को ध्यान में रखकर चुनना बेहद जरूरी होता है।आजकल मार्केट में कई वैरायटी में आपको ब्लाउज के लेटेस्ट डिजाइंस नजर आ जाएंगे, लेकिन स्टाइलिश और बोल्ड दिखने के लिए हम बैकलेस ब्लाउज पहनना काफी पसंद करते हैं। बदलते दौर में आजकल बैकलेस ब्लाउज के भी कई डिजाइंस आपको इन्टरनेट के जरिये देखने को मिल जाएंगे। बैकलेस ब्लाउज को भी आप सिंपल या बिना स्टाइल किए नहीं छोड़ सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं बैकलेस ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के आसान टिप्स और बताएंगे इनसे जुड़ी अहम बातें जो आपके लुक में जान डालने का काम कर सकती हैं।

**ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के लिए चूड़ी का कैसे करें इस्तेमाल ?**

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको वैसे तो मार्केट में कई चीजें मिल जाएंगी, लेकिन अगर आप बैकलेस ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देना चाहती हैं तो इस तस्वीर में दिखाया गया डिजाइन साड़ी या लहंगे के साथ पहनने वाले बैकलेस ब्लाउज पर बनवा सकती हैं।



## छोटी आंखें दिखेंगी बड़ी-बड़ी, आई लाइनर लगाने की ये ट्रिक्स आजमाएं

आंखों को बड़ा दिखाने के लिए आपने कई सारे ट्रिक्स आजमाएं होंगे। हम जो आज ट्रिक्स आपको बताने वाले हैं, वो ट्राइड और टेस्टेड हैं। इन ट्रिक्स से आपकी आंखें आकर्षक और सुंदर भी दिखेंगे।

### व्हाइट या न्यूड लाइनर लगाएं

अपनी आंखों को बड़ा दिखाने का सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है अपनी वॉटरलाइन पर सफेद या न्यूड आईलाइनर लगाना। यह ट्रिक आंखों को तुरंत ग्लो देती है और बड़ी और खुली-खुली आंखों का भ्रम पैदा करती है। एक छोटा-सा लेकिन प्रभावी चेंज देखने के लिए बस अपनी निचली वॉटरलाइन को एक सफेद या न्यूड पेंसिल से लाइन करें और फिर देखें, सब कैसे आपकी आंखों में डूबते हैं।



### टाइटलाइनिंग करें ट्राई

टाइटलाइनिंग का मतलब है कि आप नीचे ही नहीं, बल्कि ऊपरी वॉटरलाइन पर भी लाइनर लगाएं। इससे पलकें घनी दिखती हैं और एक हल्का स्मोकी लुक भी आता है। इस तरह से लाइनर लगाने से बड़ी लैश लाइन का भ्रम पैदा होता है। वॉटरप्रूफ या लंबे समय तक टिकने वाली आईलाइनर पेंसिल का उपयोग करें और इंटरनल कोने से शुरू करके बाहरी कोने की ओर बढ़ते हुए धीरे से ऊपरी वॉटरलाइन को लाइन करें। यह ट्रिक आपकी आंखों पर दबाव डाले बिना एक बेहतरीन डेफिनेशन देगी।

### आईलाइनर को बाहरी कोने तक लाएं

अगर आप लाइनर लगाते वक्त उसे किनारे तक छोड़ देती हैं, तो ऐसा बिल्कुल न करें। अब आपको एक नई ट्रिक यह आजमानी है कि अपने आईलाइनर को अपनी आंखों के बाहरी कोने से थोड़ा आगे बढ़ाएं, ताकि अपीयरेंस थोड़ा-सा एलॉन्गेट हो सके।

**कार्नर न्यूज**

### 26 जनवरी के लिए आपकी ड्रेस खास होनी चाहिए

## राष्ट्रीय पर्व पर अपने कपड़ों से जाहिर करें देशभक्ति, लोग खुलकर करेंगे तारीफ

26 जनवरी 1950 के दिन भारत देश का संविधान लागू हुआ था। ऐसे में हर साल इस दिन गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। ये दिन हर भारतीय के लिए बेहद खास होता है। ऐसे में गणतंत्र दिवस के दिन लोग तमाम तरह के कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। हर साल की तरह इस साल भी लोगों ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। इस दिन लोग देशभक्ति के रंग में रंगे दिखाई देते हैं। खासतौर पर लड़कियां तिरंगे के रंग में रंगी दिखाई देती हैं, लेकिन पुरुषों को ये समझ नहीं आता कि वो किस तरह के कपड़े पहनें कि उनका लुक पारंपरिक के साथ क्लासी दिखाई है। अगर आप भी इसको लेकर संशय में हैं कि गणतंत्र दिवस के दिन क्या पहनें तो ये लेख आपके लिए है। आज के इस लेख में हम आपको बताने जा रहे हैं, कि आप किस तरह के कपड़े पहनकर तैयार हो सकते हैं।

### सफेद कुर्ता और पायजामा

गणतंत्र दिवस के दिन आप इस तरह का सफेद रंग का कुर्ता और पायजामा कैरी कर सकते हैं। इसके साथ जब आप हाथों में तिरंगा लेंगे तो आपका लुक काफी क्लासी दिखेगा।



### तिरंगा टी शर्ट

अगर आप खुद को तिरंगे के रंग में रंगना चाहते हैं, तो तिरंगा टीशर्ट एक बेहतर विकल्प है। इसे आप जींस के साथ पहन सकते हैं।

### कुर्ता और पायजामा

आप अगर कुर्ता पाजयामा पहनने का सोच रहे हैं, तो ये एक बेहतर विकल्प है। आपको आसानी से कुर्ता पायजामा बाजार में मिल जाएगा। आप चाहें तो चिकनकारी कुर्ता भी कैरी कर सकते हैं। इसके साथ ही आप खादी का कुर्ता-पायजामा चुन सकते हैं। लुक को पूरा करने के लिए आप केसरिया या हरे रंग का खादी का कुर्ता पहन सकते हैं और इसके साथ सफेद रंग का पायजामा पहन सकते हैं।

### जींस के साथ शॉर्ट कुर्ता

अगर आपको जींस पहनना पसंद है, तो जींस के साथ आप इस तरह का शॉर्ट कुर्ता पहन सकते हैं। इसे पहनकर आप कंफर्टेबल भी रहेंगे।

